संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज  समूह संपादक : रवि भारद्वाज  ऊना, शनिवार, 23 मार्च 2024  ₹ 2  www.actionindialive.com  facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 81 पृष्ठः 12  RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com  हिमाचल संस्करण  दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के बीच थिंपू में शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई।

## 'केजरीवाल ही हैं घोटाले के सरगना'

### = गिरफ्तारी के खिलाफ विपक्ष के नेता चुनाव आयोग पहुंचे, 28 तक रिमांड पर

**मास्टरमाइंड**

8 सीएम को इस मामले का मास्टरमाइंड बताया। इस केस से जुड़े कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिटाए गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली** : दिल्ली शराब नीति केस में पीएमएलए कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक (6 दिन) की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले 3 घंटे सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था। इससे पहले केजरीवाल को शुक्रवार दोपहर 2 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई दोपहर 2.15 बजे शुरू होकर शाम 5.15 बजे तक चली। इस दौरान ईडी ने 10 दिन की रिमांड मांगी है। साथ ही सीएम को इस मामले का मास्टरमाइंड बताया। साथ ही दावा किया कि इस केस से जुड़े कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिटाए गए। कई सारे फोन तोड़े गए हैं। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति को बनाने में सीधे तौर पर शामिल थे। दो बार कैश ट्रांसफर किया गया। पहले 10 करोड़ और फिर 15 करोड़ दिए गए। केजरीवाल पंजाब और गोवा चुनाव के लिए फंडिंग चाहते थे। गोवा चुनाव में 45 करोड़ रुपए इस्तेमाल हुआ। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ईडी के पास सब कुछ है, तो गिरफ्तारी की जरूरत क्यों पड़ी? 80% लोगों ने केजरीवाल का नाम नहीं बताया। उन्होंने यह भी नहीं कहा कि वे उनसे कभी मिले भी थे। ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल राजू ने तो अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी, विक्रम चौधरी और रमेश गुप्ता ने दलीलें रखीं। इस बीच विपक्ष के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। केजरीवाल को 21 मार्च को सीएम हाउस से गिरफ्तार किया गया था। उनकी रात ईडी की लॉकअप में कटी। इससे पहले केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुबह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एमएम सुंदरेश की बेंच के सामने कुछ ही देर बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से अर्जी वापस लेने की गुजारिश की। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से कहा- ट्रायल कोर्ट में रिमांड की कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के साथ टकरा रही है इसलिए उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाए। ट्रायल कोर्ट में हम पहले रिमांड प्रोसीडिंग पर लड़ेंगे और फिर एक और याचिका के साथ सुप्रीम कोर्ट आएंगे। केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के आईटीओ में प्रदर्शन किया। दिल्ली सरकार के दो मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान केजरीवाल के परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी सीएम केजरीवाल के घर उनके परिवार से मिलने जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज और पूर्व सॉलिसिटर जनरल जस्टिस एन संतोष हेगड़े ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने निराश किया।



### 'अपने कर्मों की वजह से केजरीवाल की हुई गिरफ्तारी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शुक्रवार की सुबह तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अन्ना हजारे इन दिनों अहमद नगर (महाराष्ट्र) में हैं। उन्होंने आज मीडिया से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने कर्मों की वजह हुई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे का कहना है, "मैं इस बात से बहुत परेशान हूं कि अरविंद केजरीवाल, जो मेरे साथ काम करते थे, शराब के खिलाफ आवाज उठाते थे, अब शराब नीतियां बना रहे हैं। अपने ही कर्मों की वजह से उनकी गिरफ्तारी इसलिए हुई है।" उल्लेखनीय है कि अन्ना हजारे एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने, सरकारी पारदर्शिता बढ़ाने और सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की जांच करने और दंडित करने के लिए आंदोलनों का नेतृत्व किया। जमीनी स्तर के आंदोलनों को संगठित करने और प्रोत्साहित करने के अलावा अन्ना हजारे ने अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अक्सर भूख हड़तालें कीं।

### मेरा जीवन है देश के लिए समर्पित...

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: आबकारी नीति घोटाले मामले में गुरुवार रात ईडी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उन्हें दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पहुंचने के बाद सीएम केजरीवाल की तरफ से पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरा जीवन देश के लिए समर्पित है चाहे मैं अंदर रहूं या बाहर।दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इस वक्त अरविंद केजरीवाल के मामले में सुनवाई हो रही है। केजरीवाल की तरफ से तीन वकील अपनी दलील पेश कर रहे हैं। बता दें कि इस केस में ईडी ने कोर्ट से अरविंद केजरीवाल की 10 दिनों की रिमांड की मांग की है।

**आप ने बताया गिरफ्तारी को साजिश**: आम आदमी पार्टी (आप) ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकसभा चुनाव में



प्रचार करने से रोकने की एक राजनीतिक साजिश बताया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया।

आईटीओ पर विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों आतिशी, सौरभ भारद्वाज, पूर्वी दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार सहित पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में ले लिया गया।

## भारत और भूटान के बीच सात करार पर हस्ताक्षर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/थिंपूः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के बीच थिंपू में शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच इस दौरान सात करार पर हस्ताक्षर किए गए। यह करार तेल, खाद्य, ऊर्जा, खेल, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और शिक्षा से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान दोनों देशों के बीच कुछ करार हुए। इस करार के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) भूटान खाद्य और औषधि प्राधिकरण (बीएफडीए) के प्रमाणपत्र को मान्यता देगा। इससे व्यापार करने में आसानी होगी। इसके अलावा अंतरिक्ष सहयोग पर संयुक्त कार्य योजना को मंजूरी दी गई है। दोनों देश रेलवे से जोड़ने के लिए भी करार किए जाने पर सहमत हुए हैं। इसके अलावा भारत से भूटान को पेट्रोलियम, तेल और संबंधित उत्पादों की सामान्य आपूर्ति, ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों के क्षेत्र में सहयोग, खेल और युवा क्षेत्र में सहयोग, औषधीय उत्पादों के संदर्भ मानक, फामार्कोपिया, सतर्कता और परीक्षण साझा करने से संबंधित सहयोग पर समझौता ज्ञापन हुए हैं। वहीं भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) और भूटान के ड्रुक रिसर्च एंड एजुकेशन नेटवर्क के बीच समन्वय व्यवस्था पर समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण हुआ है।

### मोदी भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित हुए। उन्होंने सम्मान के प्रति आभार प्रगट करते हुए इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित किया। दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को भूटान पहुंचे प्रधानमंत्री ने सम्मान के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ये सम्मान मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, ये भारत और 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

### आदर्श विचार



"क्रोध हमारा शत्रु है और हमारे जीवन का अंत करने में समर्थ है।"
भगवान राम

### मन की बात



"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है।"
`स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




## के.कविता को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: सुप्रीम कोर्ट से बीआरएस नेता के. कविता को राहत नहीं मिली। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ट्रायल कोर्ट में जमानत याचिका दायर करने को कहा है। कविता ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड पर भेजे जाने के आदेश को भी चुनौती दी थी। इससे पहले 16 मार्च को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कविता को 23 मार्च तक की ईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया था।

## बीजेपी की चौथी लिस्ट जारी, इसमें 15 नाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को लोकसभा उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। तमिलनाडु की 14 सीटों पर कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया है। वहीं पुडुचेरी की एक सीट पर राज्य के गृहमंत्री नमस्सिवायम को मौका दिया गया है। इससे पहले तीसरी लिस्ट में तमिलनाडु के 9 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान हुआ है। तेलंगाना की राज्यपाल रहीं तमिलिसाई सुंदरराजन को चेन्नई साउथ से टिकट दिया गया है। राज्य के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को कोयंबटूर और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को नीलगिरि से उतारा गया है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं, इनमें से भाजपा ने 10 पट्टाली मक्कल काची को दी हैं।



इस तरह राज्य में 6 सीटों पर कैंडिडेट्स का ऐलान बाकी है। इसके अलावा गुरुवार को बीजेपी ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए तेजु सीट से मोहेश चाई को उम्मीदवार घोषित किया। उधर, ओडिशा में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने बताया कि ओडिशा में बीजेपी लोकसभा की 21 और 147 सीटों पर विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। भाजपा ने पहली लिस्ट 2 मार्च को जारी की थी। इसमें 195 कैंडिडेट्स का ऐलान किया था।

**मिशन 400**

8 तमिलनाडु के 14 उम्मीदवारों का ऐलान; पुडुचेरी की एक सीट पर राज्य के गृहमंत्री लड़ेंगे चुनाव

## भोजशाला में एएसआई सर्वे पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला परिसर के एएसआई सर्वे के खिलाफ मुस्लिम पक्ष को फिलहाल कोई राहत नहीं दी है। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में सर्वे से जुड़े मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। हिंदू संगठनों के मुताबिक, धार स्थित कमाल मौलाना मस्जिद, मां सरस्वती मंदिर भोजशाला है। इसे सन 1034 में राजा भोज ने संस्कृत की पढ़ाई के लिए बनवाया था।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी, एकजुट हुआ विपक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने अरेस्ट किया तो उम्मीद के अनुरूप पूरा विपक्ष उनके समर्थन में आ गया। अब विपक्ष इस मुद्दे को आम चुनाव में जनता के बीच उठाएगा कि केंद्र सरकार विपक्ष को परेशान कर रही है। हाल के दिनों में केजरीवाल के अलावा झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी अरेस्ट किया। इसके अलावा कई दूसरे नेताओं पर जांच एजेंसी की आंच है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार के निशाने पर जांच एजेंसियां उनके नेताओं और संसाधनों पर हमला कर रही हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि चुनाव के चलते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस तरह टारगेट करना एकदम गलत और असंवैधानिक है। राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना नहीं प्रधानमंत्री को शोभा देता है, न उनकी सरकार को। प्रियंका गांधी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहती हैं कि अपने आलोचकों से चुनावी रणभूमि में उतर कर लड़िए, उनका डटकर मुकाबला करिए, उनकी नीतियों और कार्यशैली पर बेशक हमला करिए। यही लोकतंत्र होता है। मगर इस तरह देश की सारी संस्थाओं की ताकत का अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करना, दबाव डालकर उन्हें कमजोर करना लोकतंत्र के हर उसूल के खिलाफ है।




**विपक्ष हमलावर**

8 हाल के दिनों में केजरीवाल के अलावा झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी अरेस्ट किया

## पीएम मोदी के खिलाफ लड़ेंगे अजय राय!



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** लोकसभा चुनाव 2024 में 80 लोकसभा सीटों के लिहाज से उत्तर प्रदेश सबसे अहम राज्य माना जाता है। इसी वजह से राजनीति में कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। इसी क्रम में बीजेपी ने जहां यूपी में क्लीनस्वीप करने का लक्ष्य रखा है। वहीं सपा और कांग्रेस मोदी को रोकने के लिए यूपी के लिए खास रणनीति के तहत खाका तैयार कर रहे हैं। सपा ने आधे से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार भी घोषित कर दिए हैं, लेकिन इस मामले में कांग्रेस फिसड्डी साबित हो रही है। वहीं यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय का वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। हालांकि रायबरेली और अमेठी सीट पर सस्पेंस बरकरार है। दरअसल कांग्रेस इंडिया गठबंधन के बैनर तले यूपी की 17 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। इसमें वाराणसी, रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज और महाराजगंज सीट शामिल है। इसके साथ ही अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया सीट पर भी कांग्रेस चुनाव लड़ने जा रही है।

### राहुल-प्रियंका पर संशय बरकरार

कांग्रेस का गढ़ रही रायबरेली और अमेठी सीट पर फाइनल बात नहीं बन पाई है। गांधी परिवार से जुड़ी होने के कारण इन दोनों ही सीट पर कांग्रेस बिल्कुल भी जल्दबाजी नहीं करना चाहती है। यूपी कांग्रेस के तमाम लीडर अमेठी और रायबरेली सीट से गांधी परिवार के सदस्यों से चुनाव लड़ने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की मांग भी कर चुके हैं। राहुल और प्रियंका यूपी से चुनाव लड़ेंगे या नहीं इस पर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

## विपक्ष को कमजोर करने में लगी हुई है भाजपा: सीएम

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** इनकम टैक्स विभाग द्वारा कांग्रेस के फंड के खाते सीज करने को लेकर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है और इसके लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। शिमला में संयुक्त पत्रकार वार्ता में सीएम सुक्खू और प्रतिभा सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों के समय भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाकर किसी भी कीमत में चुनाव जीतना चाहती है और




विपक्ष को कमजोर करने में लगी हुई है। दोनों नेताओं ने केंद्र सरकार पर चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी फ ंड को सीज करने को षड्यंत्र बताया है। पार्टी को आम लोगों और संगठन के लोगों ने दान और चंदा देकर पैसा जमा करवाया था, जिसका आयकर विभाग के पास पूरा रिकॉर्ड रहता है, लेकिन चुनाव के समय खातों को सीज कर अलोकतांत्रिक कार्रवाई की गई है, ताकि पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लडने के लिए फंड न दे सकें। वहीं, तीन आजाद प्रत्याशियों के इस्तीफे पर सीएम ने कहा कि आदाज उम्मीदवारों को क्यों इस्तीफे देने की जरूरत पड़ी है।

**साधा निशाना**

8 कांग्रेस फंड के खाते सीज करने पर सीएम सुक्खू व प्रतिभा सिंह का केंद्र सरकार पर हमला

## 'केजरीवाल का जेल से सरकार चलाना, लोकतंत्र का अपमान'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात कह रहे हैं, वह दिल्ली के लोगों, कानून और लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक राजनीतिक दल जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बारे में बोलता था और सोनिया गांधी की गिरफ्तारी की मांग करता था, उसने 9 समन के बाद भी ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया । शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल करोड़ों रुपये का घोटाला करते हैं और घर में बैठकर भ्रष्ट नेताओं को ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे रहे हैं। सबसे बड़े भ्रष्टाचारी से अब जानना पड़ेगा कि कौन ईमानदार है और कौन बेईमान है?

## आरबीआई के दफ्तर शनिवार और रविवार को भी खुलेंगे

**नई दिल्लीः** सरकारी कामकाज से जुड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार (30 मार्च) और रविवार (31 मार्च) को सामान्य कामकाजी घंटों के दौरान अपने काउंटर खुले रखेंगे। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2023-24) के लिए सरकारी खातों की वार्षिक क्लोजिंग को देखते हुए एक बयान में कहा कि दोनों दिन (30 मार्च और 31 मार्च) को निर्धारित समय तक इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन किया जा सकता है।

**सकुशल** लखनऊ निवासी मैकेनिक और सुपरवाइजर अखिलेश सिंह चौहान को सकुशल बरामद कर लिया गया

## सीएम योगी के दखल के बाद मेघालय में अगवा लखनऊ के अखिलेश बरामद

**टीम एक्श इंडिया**

**लखनऊः** सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से मेघालय में अगवा अखिलेश सिंह के परिवारों की खुशियां लौट आई है। लखनऊ निवासी मैकेनिक और सुपरवाइजर अखिलेश सिंह चौहान को सकुशल बरामद कर लिया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश की बरामदगी के लिए गुरुवार शाम को मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से बात की थी। इसी क्रम में अखिलेश सिंह की पत्नी शीला सिंह चौहान और उनके बेटे सूरज चौहान ने मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी से मुलाकात की है। अखिलेश की बरामदी से खुश पत्नी शीला और बेटे सूरज ने सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। अखिलेश सिंह लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी हैं। मौजूदा समय में अखिलेश सिंह मेघालय में साउथ गारो हिल्स में कार्यरत कंस्ट्रक्शन कंपनी में भारी वाहन के मकैनिक और सुपरवाइजर के पद पर काम कर रहे थे। 49 वर्षीय अखिलेश सिंह का मेघालय की दक्षिण गारो हिल्स में अपहरण हो गया था। इसके बाद कांट्रेक्टर ने अखिलेश की पत्नी शीला सिंह को फोन कर घटना की पूरी जानकारी दी थी। इसी को लेकर अखिलेश की पत्नी शीला ने पति के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए यूपी और मेघालय सरकार से मदद की गुहार लगाई थी। अखिलेश की पत्नी ने सीएम योगी का आभार जताते हुए कहा कि अखिलेश के मिलने की उम्मीद बहुत कम थी हम लोगों ने भी उम्मीद छोड़ दी थी। बस एक आशा लगाए थे। लेकिन सीएम योगी के प्रयास से यह सब संभव हो पाया है।

वहीं इस पूरे मामले की जानकारी मिलते ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनरॉड संगमा से बात की थी। सीएम योगी ने लखनऊ निवासी अखिलेश सिंह की सकुशल बरामदी के लिए मेघालय सीएम से आग्रह किया था।



**आभार**

8 शीला सिंह चौहान और उनके बेटे सूरज चौहान ने मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी से मुलाकात की है

# चुनाव के वक्त केंद्र सरकार कर रही विपक्षी दलों के अकाउंट फ्रीज

चमन शर्मा

**शिमला: हिमाचल** यूथ कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर चुनाव के वक्त विपक्षी दलों के अकाउंट फ्र ीज करने का आरोप लगाया है। गत दिवस को शिमला में प्रेस वार्ता के दौरान हिमाचल युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके विपक्ष को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। इस दौरान निगम भंडारी ने केंद्र सरकार पर इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से अब तक के सबसे बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम देने का भी आरोप लगाया। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी ने भाजपा की केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार विपक्ष को दबाने का काम कर रही है। इलेक्टोरल बांड के माध्यम से भाजपा ने अब तक के सबसे बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया। निगम भंडारी ने कहा कि देशभर में चुनावी माहौल गरमाया हुआ है। ऐसे में बीते कल केंद्र की भाजपा सरकार ने विपक्षी दलों के अकाउंट फ्र ीज करने का काम कियाण उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब ऐसा हुआ है। केंद्र सरकार ने दूसरी बार युवा कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के अकाउंट फ्र ीज कर दिए। निगम भंडारी ने कहा कि देश में पहले ही इलेक्टोरल बॉन्ड का मामला भी गरमाया हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से अपराधीक खेल खेल रही है। निगम भंडारी ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस भ्रष्टाचार को सामने लाने में सुप्रीम कोर्ट ने अहम भूमिका निभाई है। ऐसे में युवा कांग्रेस उनका धन्यवाद करती है। निगम भंडारी ने कहा कि देश में आज महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है युवाओं को रोजगार नहीं है। ऐसे में इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से विज्ञापनों का खेल चल रहा है। निगम ने कहा की पूरे सरकारी तंत्र को भ्रष्टाचार में झोंकने वाले नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री है। केन्द्र सरकार को हफ्ता वसूली सरकार की संज्ञा देते हुए निगम ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार जैसी एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी दलों के नेताओं को डराने धमकाने का काम कर रही है युवा कांग्रेस इसका पूरी तरह से विरोध करती है।




**आरोप**

8 कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके विपक्ष को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया

## स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लोकतंत्र में मतदान की भूमिका पर कार्यशाला




एसपी जैरथ

**नाहन:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लोकतंत्र में मतदान की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज चांडक ने बताया कि स्वच्छ व मजबूत लोकतंत्र हेतू निश्चित समयांतराल पर जितने आवश्यक चुनाव हैं उतना ही जरूरी मतदान प्रतिशतता हैं। इस हेतू पिछले विधानसभा चुनाव की भांति इस बार भी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों विभिन्न मतदान जागरूकता अभियान के साथ चुनाव के दिन जिला प्रशासन के आग्रह पर मतदान दिवस पर विभिन्न चुनावी बुथों पर वरिष्ठ व दिव्यांग जनों की सहायता हेतू स्वयंसेवियों की ड्यूटी लगेंगी।इस मौके पर प्रो. लक्षिता ने पहली बार मतदान करने वाले युवा विधार्थियों को बिना दबाव व प्रलोभन के आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की। कार्यशाला के पश्चात बनाई गई चुनावी जागरूकता संबंधी सेल्फी पाइंटी पर विधार्थियों व प्रोफेसरों ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर मतदान प्रतिशतता बढ़ाने की अपील की।

**न्यूज फ्लैश**

## पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को नगर निगम की तरफ से अवैध निर्माण को लेकर दिया नोटिस

चमन शर्मा

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के बागी पूर्व विधायक पर सुक्खू सरकार अब एक्शन ले रही है। सीएम के जिले हमीरपुर के बड़सर विधानसभा से पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को नगर निगम की तरफ से अवैध निर्माण को लेकर नोटिस दिया गया है। ऐसे में अब उनके घर पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। शिमला में नगर नगर की तरफ से यह नोटिस आईडी लखनपाल के नाम से भेजा गया है। नोटिस में कहा गया है कि यदि वह 23 मार्च को व्यक्तिगत तौर पर शिमला में सुनवाई के लिए पेश नहीं हुए तो उनके खिलाफ एकतरफ ा कार्रवाई की जा सकती है। बता दें कि शिमला के तारा देवी में इंद्रदत्त लखनपाल का घर है। नोटिस में कहा गया है कि यहां पर अवैध निर्माण किया गया है। बता दें कि साल 2015 का यह मामला है, जिसमें अब नोटिस दिया गया है। निगम की तरफ से उन्हें 23 मार्च सुबह 10 बजे पेश होने के लिए कहा गया है। इंद्रदत्त लखनपाल ने नोटिस की कॉपी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए सीएम सुक्खू पर निशाना साधा-दत्त ने लिखा, आज हुजूर की ओर से फरमान आया है। 253 का नोटिस दिया है। बताओ कि तुम्हारा घर क्यों न तोड़ दिया जाए? मेरा घर तो लोगों के दिलों में है। पर खैर दिल भी तोड़ ही दिए आपने। मैं बहुत समय चुप रहा। बहुत चीजें ऐसी बोल सकता हूँ, जो शायद मुख्यमंत्री को भीतर तक चुभ जाएं। पार्टी में रहा हूँ ,बहुत कुछ जानता हूँ। मगर कृतघ्न नहीं हूँ,

## कालाअंब लैड उद्योग पर ईडी की रेड

एसपी जैरथ

**जिला** सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र काला अंब मैंन थाप्पल स्थित लैड उद्योग पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है।मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन सदस्यों की ईडी टीम के सदस्यों ने सुबह करीब 8 बजे के आसपास फैक्ट्री में धावा बोल दिया था। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में आई टीम शिमला की बताई जा रही है। यही नहीं एनफ ोर्समेंट टीम का एक दल दिल्ली स्थित फैक्ट्री के एक पार्टनर के घर पर भी दबिश देने पहुंचा था। सूत्रों की माने तो किसी अन्य मामले में करोड़ों के लेनदेन में शक का बताया जा रहा है। बता दें कि खबर लिखे जाने तक करीब रात्रि के 9:30 बजे तक टीम फैक्ट्री में ही डटी हुई थी। एनफ ोर्समेंट टीम के द्वारा फैक्ट्री में छापे मारी करते हुए पूरी फैक्ट्री को सील कर दिया गया था। यही नहीं फैक्ट्री में मौजूद तमाम कर्मचारियों के मोबाइल आदि कब्जे में लेकर रिकॉर्ड खंगाला गया। जानकारी तो यह भी है कि इस लैड उद्योग पर करीब 3 महीने पहले और उससे पहले भी सेंट्रल एक्साइज के द्वारा रेड की जा चुकी है। यही नहीं पाई गई कुछ अनियमिताओं को लेकर करीब 2 करोड़ के आसपास जुमार्ना भी वसूला गया था। जानकारी यह भी है कि जिस फ र्म से कच्चा माल लिया जाता था फैक्ट्री के द्वारा उसे तैयार कर बाकायदा जीएसटी का भुगतान कर माल आगे बेचा जाता था। मगर यह मामला किसी बड़े लेनदेन की संलिप्तता का बताया जा रहा है। सूत्रों की माने तो इस कार्यवाही में शिमला सहित सहित दिल्ली की टीम भी शामिल है। बड़ी बात तो यह है कि मीडिया की टीम सारा दिन फैक्ट्री के आसपास मंडराती रही। टीम के एक व्यक्ति के द्वारा मीडिया को भी गलत जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम डीजीजीआई की है। देर शाम को जाकर फैक्ट्री के पार्टनर विक्रम के द्वारा खबर की पुष्टि की गई की रेड प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा डाली गई है। बता दें कि दिल्ली की टीम दिल्ली में ही फैक्ट्री के एक पार्टनर के घर पर दबीश दे रही थी। उधर, फैक्ट्री के पार्टनर विक्रम का कहना है कि शिमला से आई ईडी की टीम को फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा हर तरह से सहयोग किया गया है। उन्होंने खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट की ओर से शिमला से तीन अधिकारी किसी अन्य मामले में हमारी फैक्ट्री की संलिप्तता को लेकर जानकारी लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथ जांच में हमारे द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है।

## पनीर की सप्लाई लेकर जा रही जीप खाई में गिरी, तीन की मौत

खेमचंद शास्त्री

**मंडी:** मंडी से कुल्लू वाया कमांद-कटौल-टिहरी सडक मार्ग में बरोगी के पास एक दर्दनाक सडक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह लोग पनीर की सप्लाई लेकर आ रहे थे और कमांद से 8 किलोमीटर आगे इनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने तीनों के शव कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह बोलेरो जीप सुबह चार बजे कमांद की ओर पनीर की सप्लाई लेकर आ रही रही थी। कमांद के बरोगी में अचानक यह जीप अनियंत्रित होकर लगभग 400 मीटर खाई में जा गिरी जिसमें तीन लोग सवार थे और तीनों के मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि खाई में गिरने के बाद जीप के बुरी तरह से परखच्चे उड़ गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और तीनो शवों को बाहर निकाला।

**हादसा**

8 यह लोग पनीर की सप्लाई लेकर आ रहे थे और कमांद से 8 किलोमीटर आगे इनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई।

## युवक से प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद, गिरफ्तार

एसपी जैरथ

**नाहन: जिला** सिरमौर के पांवटा साहिब में पुलिस टीम ने गुप्त एसपी सूचना के आधार पर एक युवक से प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक, पुलिस की टीम को गुप्त सूचना सूचना मिली कि एक युवक पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में प्रतिबंधित कैप्सूल बचने का धंधा कर रहा है। इस दौरान पुलिस ने सुरजपुर से बपातापुल की तरफ पैदल सडक पर नशीले कैप्सुल लेकर आ रहे रमेश पुत्र चंद निवासी फ तेहपुर पोस्ट ऑफि स माजरा तहसील पांवटा साहिब को रोककर उसकी तलाशी ली। तो रमेश ने अपनी दाहिनी जेब से गांठ लगे एक सफेद रंग के कैरी बैग को बाहर निकालकर जमीन पर फेंक दिया। जमीन पर फेंके गये सफेद रंग के कैरी बेग को खोलकर चैक किया। तो कैरी बैग के अंदर से 65 प्रतिबंधित नशीले कैप्सुल बरामद हुए। आरोपी युवक मौके पर पुलिस टीम को प्रतिबंधित कैप्सूल से संबंधित कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जिस पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट क ी विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जिला सिरमौर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने नशीले कैप्सूल के साथ युवक की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।



**पुष्टि**

8 जिला सिरमौर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने नशीले कैप्सूल के साथ युवक की गिरफ्तारी की पुष्टि की है

# आज रिलीज हो रही डा. संजीव अत्री की लघु फिल्म बनिया बीन की किश्ती

### डा. संजीव अत्री के निर्देशन में तैयार फि ल्म के मुख्य किरदार बनिया बीन ने किश्ती चलाने के लिए अपनाया अद्भुत फार्मूला

एसपी जैरथ

**नाहन: डॉ.** संजीव अत्री की उपलब्धियों भरी लंबी फेहरिस्त में एक और कामयाबी जुड ? जा रही है। सौंधी धरती मीठा गुड़ लघु फि ल्म को हाल ही में हैदराबाद में कृषि मंत्रालय भारत सरकार के मुख्य सचिव द्वारा पुरस्कृत करने के बाद अब 22 मार्च को एक और लघु फि ल्म रिलीज हो रही है। इस फि ल्म को सिरमौर के राजकीय उच्च विद्यालय नौरंगाबाद में फि ल्माया गया है। 10 मिनट की इस लघु फि ल्म में किरदार भी सरकारी स्कूल के बच्चों का है। इन स्कूली बच्चों में बनिया बीन ने फि ल्म में मुख्य किरदार निभाया है। डा. संजीव अत्री मौजूदा समय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टोकियो में बतौर प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं। इससे पहले वह उच्च पाठशाला नौरंगाबाद में मुख्याध्यापक के पद पर तैनात थे। जहां उन्होंने इस फि ल्म की पटकथा लिखी। निर्देशन भी डा. संजीव अत्री का है। पानी की महत्ता को दशार्ती इस लघु फिल्म को 22 मार्च को विश्व जल दिवस के मौके पर रिलीज किया जा रहा है। दरअसल ये कहानी पानी की किल्लत और उससे होने वाली कठिनाइयों को दशार्ती है। फिल्म का मुख्य चरित्र इसी गांव का एक बच्चा बनिया बीन है।

फि ल्म में दिखाया गया है कि बनिया बीन और उसकी शरारती टोली स्कूल में अध्यापक द्वारा किश्ती बनाना सीखने को लेकर काफ ी खुश है। लेकिन बनिया बीन की टोली को किश्ती चलाने के लिए कहीं पानी नहीं मिलता। ये टोली कागज की किश्ती चलाने के लिए दरबदर भटकती है। घर वाले किश्ती चलाने के लिए उन्हें पानी नहीं देते। ये टोली जब थकहार कर परेशान गई तो बनिया बीन को एक उपाय सूझता है। अब उपाय से बनिया बीन की किश्ती तो चल पड़ी, लेकिन ये कहानी एक ऐसा संदेश समाज के लिए छोड़ गई, जिससे पानी की महत्ता को अच्छी तरह समझा जा सकता है। इस फि ल्म में बनिया बीन और उसकी टोली की प्राकृतिक गतिविधियों को ही फिल्मांकित किया गया है। डा. संजीव अत्री ने बताया कि हाई स्कूल नौरंगाबाद में बच्चों और अभिभावकों को ये फिल्म दिखाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ये फि ल्म समाज को पानी बचाने और इसके संरक्षण को लेकर बड़ा संदेश देती है। इस फि ल्म के निर्माण में विद्यालय के शिक्षकों बीना जैन, शालिनी वर्मा, विजय कुमारी, पूनम व अनुराधा ने भी अपना सहयोग दिया है।

## डाइस वेब सॉफ्टवेयर में निर्धारित समयावधि में डाटा अपलोड़ करना सुनिश्चित

खेमचंद शास्त्री

**मंडी:लोकसभा** चुनाव-2024 के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के डीडीओ (आहरण एवं संवितरण अधिकारी) विभागाध्यक्षों के लिए डिस्ट्रिक इन्फ ॉरमेशन सिस्टम फ ॉर इलेक्शन (डाइस) वेब सॉफ्टवेयर के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कायार्शाला का आयोजन किया गया। कायार्शाला की अध्यक्षता एसडीएम करसोग राजकुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी चुनाव संबंधी कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का डाटा निर्धारित समयावधि में डाइस वेब सॉफ्टवेयर में अपलोड़ करना सुनिश्चित करे। यदि डाटा अपलोड़ करने में कोई कठिनाई हो तो वे इस संबंध में उपमंडलाधिकारी कार्यालय में भी संपर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि करसोग विधानसभा क्षेत्र के सभी अधिकारी दो अप्रैल तक डाइस वेब सॉफ्टवेयर में डाटा अपलोड़ करना सुनिश्चित करे ताकि बाद में कोई परेशानी न उठानी पड़े। क्योंकि मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टियों की तैनाती डाइस वेब सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि डाटा एंटरी करते समय सेवानिवृत, दिव्यांग व अन्य विभिन्न कारणों से चुनाव ड्यूटी से छूट वाले कर्मचारियों की मार्किंग सही तरीके से की जानी चाहिए ताकि बाद में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो।एसडीएम ने कहा चुनावी प्रक्रिया लोकतंत्र का सबसे बड़ा महाकुंभ है और इसमें भागीदारी हम सब के लिए गर्व की बात है। सभी की भागीदारी से ही लोकतंत्र के इस सबसे बड़े महाकुंभ के आयोजन को सफल बनाया जा सकता है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी उपस्थित थे।

## पेड़ लगाकर जू आउटरीच संस्था ने किया अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस का शुभारंभ

हामिद

**चंबा:** तमिलनाडु की स्वयंसेवी संस्था जू आउट रीच ने उच्च माध्यमिक पाठशाला रंडोह के विद्यार्थियों तथा गांव वालों के साथ मिलकर पेड़ लगाकर अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस का शुभारंभ किया है। यह कार्यक्रम रंडोह स्कूल के पास किया गया। उक्त संस्था जो पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए काम करती है उनका एक समूह चंबा में पिछले 12 वर्षों से कार्य कर रहा है। जो यहां बढ़ती हुई जंगलों की आग, बाढ़, भूस्खलन एवं बढ़ते हुए मानव-वन्य जीव संघर्ष के कार्यों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। संस्था के वैज्ञानिको के अनुसर स्वस्थ वनों की संख्या कम होती जा रही है, भले ही जंगल के कुछ खंड अभी भी पहाड़ो मे मौजूद है, परंतु वहां पशु पक्षियों के लिए भोजन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। पर्याप्त भोजन ना मिल पाने के कारण ही पशु पक्षी भी हमारे खेतो की और खाने की खोज में आ रहे हैं। वनसंरक्षण कार्यक्रम का लक्ष्य हमारे पहाड़ों में देशी वनों को पूर्वावस्था में लाना है। जूरीच के प्रतिनिधियों ने गांव वालो और स्कूल के अध्यापकों के साथ मिलकर पेड़ लगाकर कार्यक्रम का आरंभ किया और उसके बाद उन्होंने स्कूल के बच्चों के साथ इस विषय पर चर्चा कीण सभी प्रतिभागियों का दृष्टिकोण काफी सकारात्मक था और इस कार्यक्रम में भविष्य में भाग लेने के लिए उत्साहित थे सभी बच्चों और गांव वासियों ने ये प्रण लिया कि वे देशी प्रजातियों के पेड़ लगाएंगे और उनकी रक्षा करेंगे।



## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ

चमन शर्मा

**शिमला :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुमप कश्यप ने आज उपायुक्त कार्यालय परिसर में स्वीप व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागेदारी के अंतर्गत सेल्फ ी प्वाईंट एवं हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया।

अनुपम कश्यप ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला भर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज उपायुक्त कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान एवं एक सेल्फ ी प्वाइंट को शुरू किया गया है ताकि लोकसभा चुनाव 2024 में जिला के मतदाता अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। इस अवसर पर उन्होंने उपायुक्त कार्यालय में आए आम जन से मतदान के बारे में अनौपचारिक रूप से बात की तथा लोकसभा चुनाव में स्वयं एवं अपने सभी परिवारजनों को अपने मत को प्रयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उप-निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा, उपमण्डलाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता, तहसीलदार निर्वाचन राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अजय सोलंकी ने भाजपा पर साधा निशाना

एसपी जैरथ

**नाहन: भाजपा** पीएम मोदी नाम की बैसाखियों के सहारे चल रही है। भाजपा के उम्मीदवार अपने दम पर चुनावी मैदान में उतरने से घबरा रहे है। भाजपा पर निशाना साधते हुए नाहन क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि प्रदेश पर आई भारी आपदा के दौरान केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश के साथ बड़ा धोखा किया है। सोलंकी ने कहा कि भाजपा के किसी भी सांसद ने संसद में अथवा प्रधानमंत्री से आपदा राहत राशि के लिए ना तो मांग की और ना ही पीड़ितों की पैरवी करी। यही वजह है कि आज भाजपा को खुद पर भरोसा न रहकर कांग्रेस पार्टी से नेताओं और विधायकों की चोरी और खरीद फरोख्त कर रही है। सोलंकी ने कहा कि यही बड़ी वजह है कि प्रदेश में जिस तरीके से प्रजातंत्र का भाजपा ने उपहास किया है उससे जनता के बीच उनकी बड़ी फजीयत हुई है। सोलंकी ने कहा आज प्रदेश में भाजपा खुद के बिछाए जाल में खुद फंस गई है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि आज प्रदेश में भाजपा बिखराव की स्थिति में आ चुकी है। सोलंकी ने कहा कि बागी विधायकों को सर पर बिठाकर भाजपा ने अपने ही कार्यकताओं और संबंधित क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशियों की निष्ठा को तार तार कर दिया है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि आज भाजपा में कार्यकर्ता पूरी तरह हताश है तथा अंदर खाते लोकसभा चुनाव में धोखेबाजों को सबक सिखाने की तैयारी में है। सोलंकी ने कहा कि ईमानदारी का ढोल पीटने वाली भाजपा पहले प्रदेश की जनता को यह बताएं कि कोविड काल में में भारी जो बड़ा पी पी किट घोटाला हुआ था उसका क्या किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता के पैसे को भाजपा विधायकों और नेताओं की खरीद फरोख्त में खर्च कर रही है।

सोलंकी ने कहा कि बावजूद इन सबके मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश के विकास के साथणसाथ केंद्र की अनदेखी के बावजूद आर्थिक संसाधन जुटा कर पीड़ितों को राहत भी पहुंचा रहे हैं। सोलंकी ने कहां की प्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है उन्होंने कहा कि कांग्रेस में जो थोड़ी बहुत ही गंदगी थी वह खुद व खुद साफ हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अवसरवादी और लालची किस्म के नेताओं को तवज्जो नहीं देती है उन्होंने कहा कि पार्टी एक विचारधारा के साथ काम करती है यही वजह की एक बार फिर से जनता कांग्रेस को चारों लोकसभा सीटों पर भारी मतों से विजय करवाएगी।

**निशाने पर**

8 सोलंकी ने कहा कि प्रदेश पर आई भारी आपदा के दौरान केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश के साथ बड़ा धोखा किया है



# मुख्यमंत्री द्वारा आम जन के हित में लिये फैसलों से बौखलाई भाजपा: मनजीत सिंह




**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** प्रदेश महासचिब मनजीत डोगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार अपने हर बाधे को पूरा कर अमलीजामा पहना रही है। मुख्यमंत्री ने सत्ता सँभालते ही अनाथ बच्चों के उत्थान के लिये कदम उठाए उन्हें चार हजार रुपये प्रतिमाह मिल रहे हैं। उनकी पढ़ाई का खर्चा भी सरकार उठा रही है आपदा के समय सरकार ने बेहतरीन कार्य किया और प्रभावित लोगों की भरपूर मदद कर बेघर हुए लोगों की रहने की व्यबस्था कर उनको घर बनाने के लिये सात सात लाख रुपये भी दिये मुख्यमंत्री ने सरकार बनने के बाद पहली केबिनेट में ओपीएस की गरन्टी को पूरा किया था। जिससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को फायदा हुआ। सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने महिलाओं को प्रतिमाह पन्द्रह सौ रुपये देने की घोषणा कर बजट प्राभधान भी कर दिया है। ये घोषणा महिलाओं के कल्याण के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही सरकार ने बिधवा महिलाओं के बच्चों की पढ़ाई भी निशुल्क कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के आम जनता के हित में लिये फैसलों पर डोगरा ने प्रदेश में बेहतरीन कार्यों की सराहना की है। डोगरा ने कहाकि इन सब कार्यों को पूरा होते देख भाजपा बौखला गई है और सरकार को गिराने के अनेकों हथकंडे अपना रही है। लेकिन भाजपा के मनसूबे पूरे नहीं होंगे। सरकार पूरे पाँच वर्ष चलेगी।

बड़सर में लखनपाल को माफ नहीं करेगी जनता

# रावम पाठशाला बरोहकड़ी में स्वीप के तहत कार्यशाला आयोजित

**साक्षरता**

**8 चुनावी साक्षरता क्लब के प्रभारी खेमराज अन्य स्टाफ सदस्य व पाठशाला के विद्यार्थी भी उपस्थित थे**



**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोहकडी में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रोग्राम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य अक्षय राणा द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने बच्चो को मतदान की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। लोकतंत्र के लिए मतदान का क्या महत्व है मतदान क्यों अनिवार्य है, इसके बारे में छात्रों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में पाठशाला के चुनावी साक्षरता क्लब के प्रभारी खेमराज अन्य स्टाफ सदस्य व पाठशाला के विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

यह जानकारी नाचन विधानसभा के स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पवनजीत कश्यप ने दी।

## न्यूज फ्लैश

### पीने के पानी की टंकियां व शौचालय में रखें विशेष सफ ाई का ध्यान



**सुभाग सचदेवा**

**गोहर: गोहर** व आस पास के क्षेत्रों में आए दिन पीलिया के मरीजों की तादाद में बढ़ोतरी हो रही है। इस को मध्य नजर रखते हुए उप मंडल अधिकारी नागरिक गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने उपमंडल स्तर के सभी पाठशालाओं के अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समय-समय पर पीने के पानी की टंकियों को साफ करवाया करें जिससे पीने के लिए बच्चों को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो व शौचालय की सफाई का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को भी सफाई के महत्व बारे जानकारी दें ताकी बच्चों के स्वास्थय को सुरक्षित रखा जा सके।

### 25 मार्च से 9 अप्रैल तक रोहडू में आयोजित होगा जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर

**चमन शर्मा**

**शिमला:** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी शिमला राकेश धौटा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग शिमला द्वारा एथेलैटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल व बॉक्सिंग का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर जिला शिमला के रोहडू स्थित इन्डोर व आउटडोर स्टेडियम में 25 मार्च, 2024 से 09 अप्रैल, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में जिला शिमला के 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के लगभग 95 खिलाड़ी भाग ले रहे है तथा यह प्रशिक्षण शिविर जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय शिमला में नियुक्त प्रशिक्षकों द्वारा खिलाडियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे परिणाम व खेल की कलाओं में सुधार लाने के लिए लगाया जा रहा है, जिसके लिए सभी प्रशिक्षकों व कार्यालय द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है।

# राजभाषा ई-पत्रिका पार्बती दर्पण का विमोचन



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: एनएचपीसी** पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-2 के परियोजना प्रमुख एमके कश्यप ने नगवाई कार्यालय परिसर में राजभाषा ई-पत्रिका पार्बती दर्पण का विमोचन किया। इस ई-पत्रिका में हाइड्रो पावर एवं पार्बती परियोजना चरण-1 से संबन्धित निबंध एवं संस्मरण तथा साहित्य, चिकित्सा, जन जागरूकता पर कविताएं व लेख वर्णित है। पार्बती परियोजना में वर्ष 2023-24 के अंतर्गत आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों को भी शामिल किया गया है। इस दौरान पार्बती-2 परियोजना से अंगद कुमार, उप महाप्रबंधक सिविल, डॉ. मिरा जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, लतेश पलटा, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक सिविल तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीआईएसई वेब पर मतदान कर्मियों की डेटा प्रविष्टि सम्बन्धी व्यापक जानकारी



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: सहायक** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कुल्लू के माध्यम से गत दिवस को देव सदन में जिला कुल्लू के सभी डीडीओ व विभागाध्यक्षों के लिए आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान कर्मियों के रैंडमाइजेशन और तैनाती के लिए डीआईएसई सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मास्टर ट्रेनर रविकांत पोत्दार ने सभी को डीआईएसई वेब पर मतदान कर्मियों की डेटा प्रविष्टि सम्बन्धी व्यापक जानकारी प्रदान की गई।कार्यशाला में फ ार्म 12, सीईओ हिमाचल, एप के माध्यम से ई एपिक कार्ड तथा अपने मतदान कार्ड के अद्यतन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में अधिकारियों से उनके कार्यालय में तैनात सभी कर्मचारियों का विवरण 31 मार्च, 2024 तक डीआईएसई वेब एप्लिकेशन पर दर्ज/अद्यतन को कहा।

# तीन निर्दलीय विधायकों ने दिया इस्तीफा, विधायक आशीष शर्मा, होशियार सिंह, केएल ठाकुर

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल में एक बार फि र से सियासी सरगर्मियां तेज हो गई है 6 विधायकों के निष्कासन के बाद अब तीन निर्दलीय विधायकों ने भी इस्तीफ ा दे दिया है शुक्रवार को 2 बजे तीनों निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा, के एल ठाकुर, होशियार सिंह दिल्ली से सीधे विधानसभा पहुंचे जहां पर उन्होंने विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफ ा सौंपा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित भाजपा के कई विधायक मौजूद रहे। अपना इस्तीफ ा देने के बाद सभी निर्दलीय विधायक राज्यपाल से मिलने राज भवन के लिए रवाना हो गए। निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफ ा देने की वजह मुख्यमंत्री द्वारा कार्य न करना है उनका कहना है कि वह काफी लंबे समय से मुख्यमंत्री को अपने क्षेत्र के विकास के कार्यों को लेकर मिल रहे थे लेकिन काम नहीं हो रहे थे और राज्यसभा में भी उन्होंने हिमाचल के हित को देखते हुए भाजपा उम्मीदवार को वोट किया था उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ऊंची राजनीति पर उतर आए हैं और निर्दलीय सहित 6 बागी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किया जा रहे हैं और बदले की भावना से कम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि वह किसी के भी दबाव में आकर इस्तीफा नहीं दिया है और अब भाजपा में शामिल होंगे और भाजपा ने उन्हें टिकट देने का वादा किया है और अब भाजपा की टिकट से विधानसभा के चुनाव लडने जा रहे हैं और जल्द ही भाजपा में शामिल होंगे।

# सत्ता लोभ में जयराम ठाकुर कर रहे जनादेश का अपमान : बाली

## सत्ता के बिना मछली की तरह छटपटा रहे नेता प्रतिपक्ष, मतदाताओं ने भाजपा को विपक्ष में बैठने का

चमन शर्मा

शिमलाः हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन रघुबीर सिंह बाली ने कहा कि नेता विपक्ष जयराम ठाकुर, सत्ता के बिना मछली की तरह छटपटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव-2020 में प्रदेश के मतदाताओं ने भाजपा को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया, लेकिन नेता प्रतिपक्ष इस जनादेश को पचा नहीं पा रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के गठन के बाद से ही भाजपा नेता ऑपरेशन लोट्स की बात बार-बार खुलेआम दोहरा रहे हैं और वर्तमान राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को सत्ता लोभ छोडकर जनादेश को खुले मन से स्वीकार करना चाहिए और पूरे पांच साल एक सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार पूरी तरह से टिकाऊ है और भाजपा की कोई भी साजिश कामयाब होने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार अपने पांच वर्ष का कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी। बाली ने कहा कि सत्ता हथियाने के लिए भाजपा नेता सभी मयार्दाएं भूल कर धन-बल का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक सच्चा कांग्रेसी कभी बिकाऊ नहीं होता और बिकने वालों को हिमाचल प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करती है क्योंकि हिमाचल प्रदेश के लोग मेहनतकश है और ईमानदारी की रोटी खाते हैं, लेकिन कभी भी अपने ईमान का सौदा नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू एक साधारण परिवार से निकलकर मुख्यमंत्री के पद पहुंचे हैं। अपने जीवन के पैंतीस वर्षों तक उन्होंने कड़ा संघर्ष किया है और बहुत सी चुनौतियों का सफ लतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की हर साजिश और चुनौती का मुकाबला करने में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सक्षम हैं और सभी विधायक उनके साथ हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार जन कल्याण का एक नया इतिहास लिख रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू लीक से हटकर कार्य कर रहे हैं और शपथ ग्रहण करने के बाद सीधा अनाथ बच्चों से मिलना उनके स्वभाव का प्रतीक है। यही नहीं, आपदा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी निजी जमा पूँजी से 51 लाख रुपए की धनराशि दान कर पूरे देश के सामने एक मिसाल पेश की है। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी-बड़ी संस्थाओं ने उनके नेतृत्व की सराहना की।

# निर्दलीयों के विधायकी छोडने से खड़े हुए कई सवाल: कांग्रेस

**चमन शर्मा**

**शिमला:** कांग्रेस विधायक संजय रत्न एवं हरीश जनार्था ने तीन निर्दलीयों के विधायकी छोडने पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि निर्दलीयों को अपने चुनाव क्षेत्र की जनता को बताना होगा कि विधायकी छोडने के पीछे आखिर उनकी क्या मजबूरी है। क्यों जनता पर उप-चुनाव का बोझ थोपा जा रहा है। दोनों ने कहा कि जब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों को हराकर मतदाताओं ने उन्हें पूरे पांच वर्ष के लिए निर्दलीय विधायक बनाया था, तो ऐसे में उन्होंने सवा साल के भीतर ही किस दबाव में विधानसभा की सदस्या छोड़ी है। क्यों वह अपने चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं की भावनाओं का अपमान कर रहे है। उन्होंने कहा कि इन सवालों के जवाब तीनों निर्दलीय विधायकों को देने होंगे। निश्चित रूप से तीनों ने प्रदेश की जनता की भावना से खिलवाड़ किया है और उन्हें प्रदेश की जनता को जवाब देना होगा।संजय रत्न और हरीश जनार्था ने कहा कि निर्दलीयों ने वर्तमान राज्य सरकार से अपने चुनाव क्षेत्र के लिए अनेकों कार्य करवाए और आज वह काम न होने की बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में भाजपा का असली चेहरा भी प्रदेश की जनता के सामने आ रहा है। भाजपा किस प्रकार से धन-बल के माध्यम से वर्ष 2022 के जनादेश का अपमान करने में लगी है, यह प्रदेश की जनता के सामने है। दोनों ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र और लोकतंत्र की भावना का मजाक. बना दिया है। सत्ता के लालच में भाजपा ने देवभूमि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में एक काला अध्याय जोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह तमाशा हिमाचल प्रदेश की जनता देख रही है।

# धरातल पर भाजपा की लोकप्रियता देख कांग्रेसी नेता विचलित: शौरी



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: लोकसभा** चुनावों को लेकर पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। सभी पार्टियां लोकसभा चुनावों के लिए अपने अपने उम्मीदवार तय कर रहीं हैं। ऐसे में बयानबाजि?ीं व चुनाव प्रचार का दौर भी शुरू हो चुका है। हिमाचल प्रदेश से मंडी लोकसभा सीट जहां से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षा स्वयं वर्तमान में लोकसभा सांसद हैं, पुनःसुर्खी?ीं में है। प्रदेश अध्यक्षा पुनः चुनावी मैदान में उतरने से हाथ पीछे खींच चुकी हैं। इतना ही नहीं अन्य बरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी मंडी सीट से चुनाव लड? की अनिच्छा जता चुके हैं। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने मौजूदा हालातों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि कांग्रेस धरातल पर अपनी स्थिति देखकर व भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की लोकप्रियता देख कर विचलित हो चुकी है। कांग्रेस की आपसी कलह जग जाहिर हो चुकी है। कांग्रेस सरकार में नेताओं की धन व वाहवाही बटोरने की दौड़ देख कर कांग्रेसी कार्यकर्ता हताश हो चुके हैं। कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है। यही सब वजह है कि कांग्रेसी नेता लोकसभा चुनावों में उतरने से कतराने लगे हैं। संभवता कांग्रेस लोकसभा चुनावों में अपनी हार मान चुकी है। लोकसभा चुनाव में हिमाचल की जनता कांग्रेस की सरकार को उनकी लचर व्यवस्था का इनाम देगा। भाजपा लोकसभा में

# सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कलाकारों ने होली संध्या कार्यक्रम में धूम मचाई



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** शमशी में सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कलाकारों ने होली संध्या कार्यक्रम में धूम मचाई। कार्यक्रम में पं. अयोध्या प्रकाश ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम की आयोजक संस्था संगम फ ाउंडेशन भुंतर की ओर से भूपेन्द्र शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम में पधारे मुख्यातिथि, सूत्रधार कला संगम के कलाकार व मेहमानों का स्वागत करते हुए सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने बतलाया की इस वर्ष पहली बार भुंतर शमशी के क्षेत्र में इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने सभी आम जनमानस का धन्यवाद किया तथा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संगम फाउंडेशन भुंतर को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा भविष्य में भी उनको इसी तरह का सहयोग मिलता रहेगा और जल्द ही भुंतर क्षेत्र में संगम फाउंडेशन के सहयोग से सूत्रधार कला संगम की शाखा भी स्थापित की जाएगी, जिसमें प्रशिक्षुओं को हर प्रकार के गीत, संगीत, नृत्य, वादन व नाटक इत्यादि विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

# डीआईएसई सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में कार्यशाला का आयोजन



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** मार्च सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कुल्लू के माध्यम से देव सदन में जिला कुल्लू के सभी डीडीओ व विभागाध्यक्षों के लिए आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान कर्मियों के रैंडमाइजेशन और तैनाती के लिए डीआईएसई सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मास्टर ट्रेनर रविकांत पोत्दार ने सभी को डीआईएसई वेब पर मतदान कर्मियों की डेटा प्रविष्टि सम्बन्धी व्यापक जानकारी प्रदान की गई।कार्यशाला में फार्म 12, सीईओ हिमाचलए एप के माध्यम से ई एपिक कार्ड तथा अपने मतदान कार्ड के अद्यतन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में अधिकारियों से उनके कार्यालय में तैनात सभी कर्मचारियों का विवरण 31 मार्च, 2024 तक डीआईएसई वेब एप्लिकेशन पर दर्ज अद्यतन को कहा।

# उपायुक्त ने बनिमार्णाधीन शी-हाट भवन का निरीक्षण किया

## भवन निर्मा कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि यहां क्षेत्र सहित कुल्लू जिले की महिलाएं लाभांवित हो सके



**रोजगार**

**8 450 महिलाओं प्रत्यक्ष व 1000 से अधिक महिलाओं अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होगा**

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** उन्होंने विभाग को भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि यहां क्षेत्र सहित कुल्लू जिले की महिलाएं लाभांवित हो सके। उन्होंने कहा कि एक करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शी हाट से जहां कुल्लू आने वाले पर्यटकों को जहां एक ही छत के नीचे जिले के हथकरघा व पारम्परिक कृषि उत्पाद मिलेंगे वहीं जिले के स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद भी मिलेगा साथ ही इसके आरम्भ होने से लगभग 450 महिलाओं प्रत्यक्ष व 1000 से अधिक महिलाओं अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होगा। शी हाट के आरम्भ हो जाने से जिले की महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने का अवसर भी मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि भवन की धरातल मंजिल तीन दुकानों का निर्माण किया जायेगा।जिसमे एक दुकान में स्वयं समूहों द्वारा तैयार जिले के हस्तशिल्प व हथकरघा उपलब्ध होंगे।जबकि दूसरी दुकान पर जिले के पारम्परिक खाद्य पदार्थ, मिलेट आदि उपलब्ध होंगे। इसी मंजिल पर पर्यटक सूचना केंद्र स्थापित किया जायेगा। जहाँ पर्यटकों को जिला के पर्यटन गंतव्य, साहसिक खेल स्थलों व जिले से सम्बंधित इतिहास की जानकारी उपलब्ध होगी।

प्रथम मंजिल में रेस्तरां स्थापित किया जायेगा जहाँ जिले परंपरागत व्यंजन परोसे जायेगे।

रेस्तरां व अन्य दुकानों का संचालन महिलाओं द्वारा ही किया जाएगा।उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने कहा कि शी हाट में 6 पंचायतों के 75 महिला मंडल के 1067 शामिल हैं।उन्होंने कहा कि सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ताकि इनके कार्य मे निखार आये। इस दौरान उपायुक्त ने स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा आरम्भ की गये पुस्तकालय ज्ञान केंद्र का भी निरीक्षण किया।उन्होंने इस दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही बच्चों से वातालर्प किया। बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की उपनिदेशक व परियोजना अधिकारी डॉ जयबन्ति ठाकुर, बीडीओ कुल्लू चेतराम सहित क्लस्टर लेवल फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

एसमएल-08

# दुष्प्रचार पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

## -एसडीएसम बंगाणा को ज्ञापन सौंप कार्यप्रणाली में सुधार की उठाई मांग

**राजन पुरी**

**ऊनाः प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व कुटलैहड़ के युवा नेता विवेक शर्मा ने सरकार की योजनाओं को लेकर लोक मित्र केंद्रो द्वारा किए जा रहे दुष्परचार पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। इस संदर्भ में शुक्रवार को विवेक शर्मा ने कार्यकर्ताओं संग एसडीएम बंगाणा को एक शिकायत पत्र देते हुए लोक मित्र केंद्रों की कार्यप्रणाली के सुधार की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यदि लोक मित्र केंद्रों की कार्य प्रणाली में सुधार नहीं हुआ, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में अनेक ग्रामीणों ने शिकायत की है कि कई लोक मित्र केंद्र प्रदेश सरकार की लोकप्रिय योजनाओं को लेकर के दुष्प्रचार

**हमला बोला**

**8 सरकार की योजनाओं को लेकर लोक मित्र केंद्रो द्वारा किए जा रहे दुष्परचार पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है**

कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोक मित्र केंद्र संचालक इस बात का ध्यान रखें कि यह रोजगार का साधन है और सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का माध्यम है। ऐसे दुष्प्रचार को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोक मित्र केंद्र भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्हें यह चेतावनी है कि वह लोक मित्र केंद्र का संचालन सरकार की नीतियों व योजनाओं के हिसाब से करें।



उन्होंने कहा कि यदि भाजपा के एजेंट बने लोक मित्र संचालक अपनी गतिविधियों से बाज नहीं आए, तो ऐसे लोकतंत्र केंद्रो को रद्द करवाने के लिए भी लिखने में परहेज नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोक मित्र केंद्रों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध प्रदर्शन भी करना पड़ा, तो कांग्रेस पार्टी परहेज नहीं करेंगी। विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 1500 रुपये महिलाओं को देने की योजना लागू की है और यह 1500 रुपये महिलाओं को मिलकर रहेंगे। उन्होंने कहा की पात्रता पूर्ण करने वाली महिलाओं को 1500 रुपये देना सरकार की वचनबद्धता है और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने 800 करोड रुपए के बजट के साथ इस योजना को लागू किया है। कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष रामआसरा शर्मा, महामंत्री कैप्टन रघुवीर सिंह, राजेश धीमान, रोशन लाल, सुदेश, मुनीष, मास्टर किशन चंद, सुरेश दत्त, अंकित, अशोक व पंकज सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नलवाडी मेले की दूसरी संध्या में चला हिमाचल की बेटी श्रुति शर्मा की सुरीली आवाज का जादू

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** हिमाचल प्रदेश में पहाड़ी गानों में मैशअप के लिए सुरीली आवाज के साथ श्रोताओं पर गहरी छाप छोड? वाली गायिका श्रुति शर्मा ने बिलासपुर की नलवाड़ी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में भी खूब रंग जमाया। स्टार नाइट होने का कारण उन्हें अपनी प्रस्तुति के लिए कम समय मिला था लेकिन उन्होंने अपनी सुरीली आवाज में एक से बडकर एक सुंदर गानों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रुति शर्मा ने मंच पर माही वे जैसे मशहूर गाने से अपनी एंट्री की और उसके बाद जुगनी गा कर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। श्रुति शर्मा ने नमक हलाल फिल्म का प्रसिद्ध मॉडर्न डिस्को फेम गानाए रात बाकी बात बाकी होना हैं जो ए हो जाने दो। गाकर माहौल को बदल दिया। इस गाने पर म्यूजिक के सूरमय माहौल से युवा वर्ग ने खूब आनंद उठाया और पंडाल से डांस



सांग की जोरदार मांग उठने लगी। दर्शकों की मांग पर श्रुति शर्मा ने इसके बाद डॉन फि ल्म का अलीशा चिनॉय का प्रसिद्ध गाना, आज की रात गाकर माहौल में गरमाहट पैदा कर दी। युवा वर्ग ने उनके इस गाने पर जोरदार डांस किया खास बात यह भी रही कि युवाओं में ज्यादातर गर्ल्स ने खूब आनंद उठाया। बता दें कि श्रुति शर्मा ने हिमाचल पहाड़ी गानों को मैशअप करके कई वीडियो एलबम भी लांच की है जिन्हे यूट्यूब पर खूब पसंद किया जा रहा है। मेरा साजनए घागरूए सजना जैसे खूबसूरत गाने इन दिनों यूट्यूब पर धूम मचा रहे हैं। वहीं, श्रुति शर्मा बिलासपुर के दर्शकों से भी प्रभावित हैं। उनका कहना है कि बिलासपुर के दर्शक कला के कद्रदान रहे हैं जिसका प्रमाण उन्होंने बिलासपुर में आकर देखा है। बिलासपुर की जनता ने उन्हें अपना भरपूर प्यार दिया है जिसके लिए वह धन्यवादी हैं। श्रुति शर्मा का कहना था कि टैलेंट में हिमाचल किसी से कम नहीं है लेकिन उन्हें मंच नहीं मिल पाने से वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते। उनका कहना था कि हिमाचल के टैलेंट को हर मंच पर जायदा से ज्यादा प्रमोशन मिलनी चाहिए फिर किसी बाहरी कलाकार की आवश्यकता ही नहीं रहेगी।श्रुति शर्मा मूलत बिलासपुर जिला के घुमारवीं क्षेत्र के दाड़ी दाबला निवासी है ग्रेजुएशन बिलासपुर कॉलेज से किया है। और आजकल चंडीगढ़ में म्यूजिक में मास्टर्स कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### बसोली में अज्ञात शातिरों ने घर के ताले तोड़ उड़ाए लाखों के आभूषण

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस थाना ऊना के तहत बसोली में अज्ञात शातिरों ने एक घर के ताले तोडकर लाखों रुपये के गहने व नगदी चुराई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कमलेश कुमारी निवासी बसोली ने बताया कि गत दिवस अपने पुराने घर चली गई थी, जबकि नए घर में ताला लगाया हुआ था। देर शाम वापिस अपने नए घर पहुंची, तो पाया कि मेन दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। जब घर के अंदर गई, तो पाया सामान विखरा पड़ा था और अलमारी खुली थी। कमलेश कुमारी ने बताया कि अज्ञात शातिरों ने अलमारी मे रखे गहने व नगदी चैक करी, तो पाया कि टोपस सैट, चेनी, सिंगी, सहित सोने के आभूषण सहित चांदी की झांझर, चांदी की चेनी व करीब 17 हजार रुपये गायब थी। महिला ने बताया कि गहनों की कुल कीमत करीब दो लाख रुपये हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### मैडी में अमृतसर के युवक से 8.50 ग्राम चिट्टा बरामद

**राजन पुरी**

**ऊनाः पुलिस** थाना अंब के तहत मैडी के डेरा बाबा बड़भाग सिंह होला मोहल्ला मेले के दौरान अमृतसर के एक युवक को चिट्टे संग काबू किया है। आरोपी युवक की पहचान अंग्रेज सिंह निवासी अमृतसर के रूप में हुई है। जिसके पास से 8.50 ग्राम चिट्टा था। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार देर शाम अंब पुलिस मैडी में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक की तलाशी ली, जिससे 8.50 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने अंग्रेज निवासी अमृतसर के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बनगढ़ में दो गुटों के बीच मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊनाः पुलिस** थाना मैहतपुर के तहत बनगढ़ में दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विन्नी कुमार निवासी बनगढ़ ने बताया कि गत दिवस बनगढ़ सोयासटी से वापिस घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में बाइक सवार चार युवकों ने रास्ता रोकते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में घायल विन्नी कुमार को उपचार के लिए पत्नी द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। वहीं दूसरी ओर शशांक निवासी जखेड़ा ने बताया कि वीरवार रात्रि अपने दोस्तों के साथ बाइक पर बनगढ़ जा रहे थे, तो विन्नी कुमार व रोहित ने रास्ता रोककर मारपीट की। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीएसएम स्कूल देहलां में दीक्षांत समारोह आज

**राजन पुरी**

**ऊनाः श्री** पीएसएम पब्लिक स्कूल देहलां में 23 मार्च को दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दीक्षांत समारोह में विद्यालय के 150 से अधिक छात्र व छात्राओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न वितरित किए जाएंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रबंधक संचालक डॉ. हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान छात्र व छात्राएं अलग-अलग रंग के स्टॉल ओढ़े नज? आएंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से किया जाएगा सम्मानित किया जाएगा।

### हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का आगाज

**राजन पुरी**

**ऊनाः डीएवी** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौलतपुर चौक में हवन यज्ञ के साथ शुक्रवार को नए सत्र का आगाज किया गया। स्कूल के निदेशक राजदेव राणा ने बताया कि डीएवी प्रबंधक समिति के प्रधान धर्मवीर सिंह कंवर की उपस्थिति में आर्य समाज की परंपराओं के अनुरूप वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत हवन यज्ञ डालकर नए सत्र 2024 -2025 का आगाज किया गया

### वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप पर बनवाएं अपनी वोट

**राजन पुरी**

**ऊनाः राजकीय** उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा महाविद्यालय के हर भाग में नारा लेखन के चार्ट प्रदर्शित करके समस्त विद्यार्थियों को चुनावों से जुड़ी तमाम जानकारी प्रदान की। नोडल अधिकारी प्रो. अनय ने समस्त विद्यार्थियों को बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करने करने बारे प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शित चार्ट में विद्यार्थियों ने नारा लेखन के माध्यम से ये संदेश दिया कि जिनकी उम्र 30/4/2024 को 18 वर्ष पूरी हो जाएगी, वे सभी मतदाता वोटर हेल्प लाइन ऐप पर अगामी 4 मई तक अपनी वोट बनवा सकते हैं।

# शादी का झांसा देकर पुलिस जवान ने किया युवती से दुष्कर्म

**राजन पुरी**

**ऊनाः महिला** थाना ऊना के तहत एक गांव की युवती ने पुलिस जवान पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर पुलिस जवान के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि पांच वर्ष पहले मेरी पहचान उपमंडल हरोली गांव के एक युवक से हुई, जो कि मौजूद समय में पुलिस विभाग में बतौर आरक्षी तैनात है। युवती का आरोप है कि युवक ने प्यार का झांसा देकर शादी करने की बात कही। झूठे प्यार के झांसे में लेकर शरीरिक संबंध भी बनाए। जब युवक से शादी के बारे में पूछा, तो युवक ने इंकार कर दिया।

**जांच शुरू**

**8 पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

युवती का कहना है कि इससे पहले भी मामले की शिकायत पुलिस में दी थी, तो युवक ने एक सप्ताह के अंदर सगाई करने की बात कही। लेकिन उसके बाद से बात करना बंद कर दिया। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएचडीसीसीआई द्वारा शिमला में राष्ट्रीय स्तर का आईपी यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया

**चमन शर्मा**

**शिमलाः एपीएचडीसीसीआई** द्वारा राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय आईपी यात्रा कार्यक्रम आज से शिमला में शुरू हो गई।इस अवसर पर, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अतीश कुमार सिंह, भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य में इस कार्यक्रम के आयोजन में पीएचडी चैंबर के प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बहुत सारे नवीन विचार हैं और यहां आईपीआर का दायरा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि हिमाचल में अधिक जीआई टैग वाले उत्पादों की



पहचान करने की क्षमता है और उन्होंने व्यापारिक समुदाय को राज्य के अधिक पारंपरिक उत्पादों की पहचान करने और उन्हें जीआई के तहत पंजीकृत कराने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एमएसएमई मंत्रालय, सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में भाग लेते हुए एके गौतम, आईईडीएस, सहायक निदेशक, ग्रेड/ कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई-डीएफ ओ, सोलन, एमएसएमई मंत्रालय, सरकार। भारत सरकार ने एमएसएमई की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने में एमएसएमई-डीएफ ओ की भूमिका का उल्लेख किया, जिसके लिए सरकार हिमाचल प्रदेश के एमएसएमई को आवश्यक सहायता और सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने आईपी एमएसएमई-एससीआईपी कार्यक्रम के व्यावसायीकरण के लिए एमएसएमई समर्थन, एमएसएमई इनोवेटिव योजना सहित मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुविधा केंद्र टीटीएफ सी और मंत्रालय की विभिन्न प्रतिपूर्ति योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने एमएसएमई से आगे आने और पीएचडीसीसीआई आईपीएफसी केंद्रों से लाभ उठाने का आग्रह किया।

# मीना बेदी ने संभाला डीपीआरओ मंडी का कार्यभार

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** मीना बेदी ने जिला लोक सम्पर्क अधिकारी मंडी का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह इसी पद पर जिला ऊना में अपनी सेवाएं दे रही थीं। मूलरूप से हमीरपुर की रहने वाली मीना बेदी इससे पहले ऊना के अलावा निदेशालय सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग शिमला में सूचना अधिकारी के पद पर और हमीरपुर में जिला लोक सम्पर्क अधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं। ऊना में उन्होंने डेढ वर्ष



तक कार्य किया है। अभी हाल ही में उनका ऊना से मंडी स्थानांतरण हुआ है। मंडी में कार्यरत जिला लोक सम्पर्क अधिकारी सचिन संगर का जिला ऊना में स्थानांतरण हुआ है।

मीना बेदी ने सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में वर्ष 1987 से हमीरपुर में अपनी सेवाएं देना आरंभ की थीं। वह विभाग में विभिन्न पदों पर निदेशालय शिमला, जिला लोक सम्पर्क अधिकारी कार्यालय शिमला, बिलासपुर और ऊना में कार्य कर चुकी हैं। मीना बेदी ने इस अवसर पर कहा कि वह मीडिया के साथ बेहतर तालमेल के साथ कार्य करेंगी। उनका प्रयास रहेगा कि मीडिया को समय पर सभी सूचनाएं उपलब्ध हों।

# कुठियाडी में पुलिस कर्मी के बेटे संग मारपीट, पीजीआई रेफर

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस थाना अंब के तहत कुठियाड़ी में पुलिस कर्मी के बेटे संग मारपीट का मामला सामने आया है। घायल का मोहाली अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने घायल युवक के पिता की शिकायत पर कुठियाड़ी के एक थ्री व्हीलर चालक व उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पुलिस चौकी टैरस में कार्यरत्त संजय कुमार निवासी ओयल ने बताया कि गत रात्रि बेटा अभिनंदन अपने दोस्त को छोड पंजोआ से वापिस लौट रहा था। कुठियाड़ी खड्ड के समीप टटेहड़ा की तरफ से आ रहे थ्री व्हीलर चालक को गाड़ी पीछे करने को बोला, तो भडक गया और मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं मोबाइल छीनकर ले गया। इसके बाद अभिनंदन अपने दोस्तों के साथ मोबाइल लेने थ्री व्हीलर चालक दीपक कुमार निवासी कुठियाड़ी के घर पहुंचा, जहां पर दीपक व उसकी पत्नी ने अंधेरे में किसी चीज से उसके सिर पर वार किया।

# बौल में हमीरपुर के दो युवक चिट्टे संग गिरफ्तार

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस थाना बंगाणा के तहत बौल में पुलिस ने चिट्टे रखने के आरोप में हमीरपुर के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रजत संख्यान व विवेक निवासी बडसर, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बंगाणा पुलिस वीरवार रात्रि बौल में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक कार सडक किनारे खड़ी हुई देखी, जिसमें दो युवक बैठे हुए थे। पुलिस ने शक के आधार पर युवकों की तलाशी ली, तो युवकों के पास से 4.33 ग्राम चिट्टा



बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान युवकों की पहचान रजत संख्यान व विवेक निवासी हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने चिट्टा रखने पर दोनों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी। डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने रजत सांख्यान व विवेक के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# महिला विरोधी मानसिकता वाली पार्टी है भाजपा, 1500 रुपए पैंशन करवा दी बंदः निशांत शर्मा

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता निशांत शर्मा ने कहा है कि भाजपा सिर्फ जनता को गुमराह करने वाली पार्टी ही नहीं है, बल्कि महिला विरोधी मानसिकता वाली पार्टी भी है। यहां जारी एक बयान में निशांत शर्मा ने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने हिमाचल की 5 लाख महिलाओं को पहली अप्रैल से 1500 रुपए मासिक पेंशन शुरू करने का निर्णय लिया था। लेकिन, भाजपा के नेताओं को यह रास नहीं आया। निशांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखकर 10 गारंटियों का वायदा जनता से किया था। सुक्खू सरकार ने इन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य किया है।



**सरकार की गारंटियों का विरोध कर कांग्रेस का नुक्सान नहीं, बल्कि जनता के हकों पर भाजपा कर रही कुठाराघात**

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि पहले भाजपा नेता यह कहते हुए नहीं थकते थे कि सुक्खू सरकार 10 गारंटियां पूरी नहीं कर पाएगी, लेकिन जब सरकार ने एक-एक करके चरणबद्ध ढंग से गारंटियों को पूरा करना शुरू किया तो भाजपा के नेताओं में बौखलाहट शुरू हो गई। अब भाजपा जनहित वाली इन गारंटियों का विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता इन गारंटियों का विरोध कर कांग्रेस को नुक्सान नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि प्रदेश की जनता हक छीनने का प्रयास कर रहे हैं तथा जनहितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं। निशांत शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सुक्खू सरकार द्वारा शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना महिला सम्मान निधि योजना का विरोध कर रही भाजपा का महिला विरोधी चेहरा आम जनता के सामने बेनकाब हो गया है। निशांत शर्मा ने कहा कि इससे साबित होता है कि भाजपा जनता के मुंह से रोटी का निवाला छीनने वाली पार्टी है। युकां प्रवक्ता ने

आरोप लगाया कि भाजपा को केवल सत्ता सुख चाहिए और जनता के दुखए समस्याओं व परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के सामने भाजपा की पोल खुल चुकी है और आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा।

# विद्या फ ाउंडेशन के तत्वावधान में कुश्ती अकैडमी के लिए ट्रायल 24 को लुहणु खेल परिसर में: विशाल जगोता

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** नवोदित प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतरीन मंच देने के लिए वचनबद्ध विद्या फ ाउंडेशन के तत्वावधान में ड्रीम स्पोटर्स फाउंडेशन की सहायता से पाई गई अपार सफ लता के बाद अब कुश्ती खेल में उदीयमान बच्चों को नया मंच देने की कवायद अब सिरे चढना शुरू हो गई है। यह जानकारी देते हुए बीसीसीआई सीनियर टूनार्मेंट चयन समिति सदस्य और बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि विद्या फ ाउंडेशन के बैनर तले बिलासपुर में कुश्ती अकैडमी में 25 खिलाड़ियों के चयन के लिए खाका तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत 15 लडकों और 10 लड़कियों का चयन होना संभावित है। इसके लिए 24 मार्च को लुहणु खेल परिसर में ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया इन ट्रायल के दौरान पहले ग्राउंड टैस्ट होगा तत्पश्चात ठाकुर कुश्ती अकैडमी चांदपुर में स्किल टैस्ट होगा। इसमें 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। कुश्ती अकैडमी का संचालन बिलासपुर में ही होगा जहां पर अनुभवी एवं दक्ष कोच बच्चों को ट्रेंड करेंगे। चयनित खिलाडि?ों का खाना-पीना, रहना, दवाई, शिक्षा आदि का तमाम खर्च विद्या फाउंडेशन वहन करेगा। उन्होंने कहा कि यदि कुश्ती में कोई ऐसी प्रतिभा



सामने आती है तो उसे भी अकैडमी में प्राथमिकता के तौर पर स्थान दिया जाएगा। विशाल जगोता ने बताया कि इससे पहले ड्रीम फाउंडेशन की ओर से बिलासपुर में कबड्डी और कुश्ती की अकादमी चल रही है। जिसमें हरनोड़ा क्षेत्र में महिला कबड्डी अकैडमी का संचालन हो रहा है और 14 बेटियां इसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं जबकि चांदपुर स्थित ठाकुर कुश्ती अकैडमी में छह लडके प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विशाल जगोता ने बताया कि यह हर्ष का विषय है कि यह नवोदित पहलवान

**परिसर**

**8 लुहणू खेल परिसर में अवश्य लेकर आएं ताकि प्रदेश को नए पहलवान मिल सकें**

नेशनल गेम्स के लिए सलेक्ट हो गए हैं। बहुत कम समय में इतनी बड़ी उपलब्धि संसदीय क्षेत्र के साथ बिलासपुर के लिए भी गौरव का विषय है। नेशनल गेम्स के लिए चयनित होने वाले पहलवानों में शौर्य चंदेल, वंश ठाकुर, निखिल ठाकुर, आयुष ठाकुर, अभिनव मैहता और रूद्राक्ष राज ठाकुर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नशे के कारण युवा पीढ़ी के बिगड़ते हुए हालातों को देखते हुए अब यह तय हो गया है कि बच्चों को नशे से बचाने के लिए स्पोटर्स की एकमात्र एक ऐसा जरिया है जिससे बच्चों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन तथा सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से नई पीढ़ी को उनकी रूचि के अनुसार खेलों से जोड़ा जा रहा है।

विशाल जगोता ने कुश्ती खेल में अपना भविष्य बनाने वाले बच्चों और अभिभावकों से आग्रह है कि वे 24 मार्च को सुबह नौ बजे अपने बच्चों को लुहणू खेल परिसर में अवश्य लेकर आएं ताकि प्रदेश को नए पहलवान मिल सकें।

## न्यूज फ्लैश

### वी ने नई दिल्ली में अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए पेश किया ईसिम

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज नई दिल्ली में अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए ईसिम सर्विसेज लॉन्च करने की घोषणा की है। यह लाखों भारतीयों को सहज, तेज एवं पर्यावरण के अनुकूल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। कम्पेटिबल स्मार्टफोन या स्मार्टवॉच डिवाइस पर ईसिम वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं के बेहतर सुविधा एवं प्रत्यास्थता देगा। ईसिम एक ही डिवाइस में कई प्रोफाइल्स को सपोर्ट करता है, इससे यूजर प्राइमरी सिम को निकाले बिना दूसरे सिम कार्ड का इस्तेमाल आसानी से कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ईसिम स्थायित्व की दिशा में बड़ा कदम है और नई तकनीकों के सुगम अडॉप्शन और तीव्र कनेक्टिविटी में योगदान देगा। इस लॉन्च के साथ वी के प्रीपेड एवं पोस्टपेड दोनों उपभोक्ता अपने हैण्डसेट पर ईसिम फीचर का लाभ उठा सकते हैं। प्रवेग गुप्ता, क्लस्टर बिजनेस हैड- दिल्ली एवं राजस्थान, वोडाफोन आइडिया ने कहा, वी में हम ऐसी सेवाएं और पेशकश लेकर आते हैं जो उपभोक्ताओं को सुविधाजनक और पैसावसूल सेवाएं प्रदान करें। ईसिम टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने तथा आधुनिक तकनीकों के द्वारा स्थायी भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रयासरत हैं। फ्लिपकार्ट ग्रुप ने जल संरक्षण के क्षेत्र में प्राप्त की नई उपलब्धि

### एक साल में 6.7 करोड़ लीटर से ज्यादा वेस्टवाटर किया रीसाइकिल

**गुरुग्राम।** फ्लिपकार्ट ग्रुप ने जल संरक्षण की दिशा में अपने प्रयासों से बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। ग्रुप ने अपने चार संयंत्रों रेवाड़ी एवं सांपका (हरियाणा), लुधियाना (पंजाब) और मालूर (कर्नाटक) में 6.7 करोड़ लीटर से ज्यादा वेस्टवाटर को रीसाइकिल किया है। जल संरक्षण की दिशा में फ्लिपकार्ट ग्रुप के प्रयास न्यायसंगत तरीके से पानी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। इनमें रिड्यूस (कम प्रयोग), रीयूज (पुनः प्रयोग) एवं रीसाइकिल (पुनर्चक्रण) पर फोकस किया जाता है। संरक्षण के इन प्रयासों से ताजा पानी के प्रयोग (फ्रेशवाटर कंजम्पशन) में भी 1.4 करोड़ लीटर से ज्यादा की कमी लाने में सफलता मिली है। इस तरह से समूह के प्रयास देश के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। सभी चार संयंत्रों में समूह को एलपीसीडी (लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन) खपत में औसतन 30 प्रतिशत तक की कमी करने में सफलता मिली है। इसके साथ-साथ ग्राउंडवाटर रीचार्ज इन्फ्रास्ट्रक्चर की मदद से फ्लिपकार्ट समूह संभावित वर्षाजल संचयन को भी प्राथमिकता दे रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूती मिल रही है। सरकार के 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' के अनुरूप जमीनी स्तर पर जल संरक्षण के लक्ष्य के साथ फ्लिपकार्ट सक्रियता के साथ कई रणनीतिक कदम उठा रहा है। समूह के जल संरक्षण संबंधी प्रयासों पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'फ्लिपकार्ट ग्रुप में हम प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझते हैं और इनके संरक्षण के लिए सतर्कता के साथ कदम उठा रहे हैं। हम मानते हैं कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसी सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं को अपनाएं जिनसे पर्यावरण एवं बिजनेस इकोसिस्टम पर बड़े पैमाने पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। जल संरक्षण की दिशा में हमारे मौजूदा प्रयास इस सोच पर आधारित हैं कि न केवल पानी का प्रयोग समझदारी से होना चाहिए, बल्कि ऐसी व्यवस्था भी बनाई जाए जिससे रीसाइकिलिंग एवं रीचार्जिंग संभव हो सके। नेट जीरो वाटर सर्टिफिकेशन इस दिशा में हमारे प्रयासों का प्रमाण है और ई-कॉमर्स सेक्टर में जल संरक्षण को लेकर नए मानक स्थापित करता है।

# मीडिया को कहा जाता है लोकतंत्र का चौथा स्तंभ : कृष्ण पंवार

## चुनावों मे होती है मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा में** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तैयारियों के चलते अपने मीडिया व सोशल मीडिया नेटवर्क को धार देना शुरू कर दिया है। इसी के तहत आज करनाल पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में लोकसभा चुनाव की दृष्टि से क्लस्टर प्रमुख राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार की उपस्थिति में प्रदेश मीडिया सह प्रमुख प्रवीण आत्रेय, प्रदेश मिडिया सम्पर्क प्रमुख अशोक छाबड़ा, करनाल लोकसभा मिडिया प्रमुख जगमोहन आनन्द तथा अम्बाला,



कुरुक्षेत्र, करनाल और सोनीपत लोकसभा के मीडिया प्रमुखों, सह प्रमुख, सम्पर्क प्रमुखों और सह प्रमुखों की बैठक सम्पन्न हुई। लोकसभा चुनाव कल्सटर प्रभारी राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार ने कहा कि चुनावों में मीडिया की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आजकल के दौर में प्रिंट मीडिया के साथ साथ इलक्ट्रोनिक मीडिया का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है और अब चुनावों में सौशल मीडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने इस मौके पर सभी मीडिया का कार्य देख रहे प्रमुखों को आगाह करते हुए कहा कि आप ने चुनावों के दौरान सावधानी से काम करना है और किसी भी समाचार को भेजने के लिए सावधानी जरूर बरतें, क्योंकि गलत समाचार पार्टी के लिए नुकसान दायक हो सकता है। मीडिया से तालमेल बनाकर कार्य करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि समाचार भेजते समय समाज के सभी वर्गों को पूरा सम्मान दें। प्रदेश मीडिया सह प्रमुख प्रवीण अत्रेय ने कहा कि चुनावों में सभी प्रमुखों ने सभी तरह के समाचारों पर पैनी नजर रखते हुए काम करना है। मीटिंग मे सभी प्रमुखों को उनको मिले दायित्व के बारे विस्तार से समझाते हुए उन्होंने कहा कि अपने प्रत्याशी से मेलजोल बढाकर उनकी दैनिक चुनावी गतिविधियों को अधिक से अधिक कवरेज करते हुए जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। करनाल लोकसभा चुनाव मीडिया प्रमुख जगमोहन आनंद ने कहा कि सभी मीडिया के साथियों को चाहिए कि उनके समाचार प्रमुखता से छपें, इस ओर ध्यान देकर काम करें।

## पीसीसी अकैडमी में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः पीसीसी अकैडमी** में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य था डिग्री के साथ टैलेंट का होना आवश्यक है। एवं मंच का डर समाप्त होना जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया इस मौके पर बच्चों ने यह साबित कर दिखाया की डिग्री के साथ टैलेंट का होना आवश्यक है। इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा आज पीसीसी अकैडमी में छोटे बच्चों के साथ-साथ ज्यादातर संख्या में बच्चे ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट हैं। जिसमें उनके पास डिग्री तो है परंतु वह डिग्री से उनको नौकरी नहीं मिल पा रही जब वह इंटरव्यू देने जाते हैं। अंग्रेजी भाषा की कमी के कारण या आत्मविश्वास की भावना की कमी के कारण वह कॉन्फिडेंस के साथ नहीं बोल पाते जिससे उनको नौकरी मिलना मुश्किल हो जाता है। आज पीसीसी एकेडमी में यह सभी महिलाएं जो पढ़ी-लिखी हैं वह अंग्रेजी भाषा को सीख कर अपना मुकाम हासिल कर रही है आज एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने भर चढ़कर अपनी कला का प्रदर्शन किया ।




## इनसो ने की राजकीय महिला कालेज मडलौड़ा की कार्यकारीणी घोषित

**कमाल हुसैन**

**पानीपत, छात्र संगठन इंडियन** नेशनल स्टूडेंट ऑगेर्नाइजेशन (इनसो) के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार ने जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला और इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल , इनसो प्रदेश प्रभारी रवि मसित, इनसो प्रदेश अध्यक्ष अजय राव से विचार विमर्श करके राजकीय महिला कालेज मडलौड़ा की इनसो की कार्यकारिणी घोषित की है छात्र नेता देशवाल ने बताया की कार्यकारिणी में काजल दहिया को कॉलेज प्रधान, रितिका शर्मा को उपप्रधान , अनिता पांचाल को कालेज चैयरमैन और आशु ढोंचक को सेक्रेटरी और नैन्सी बिजला को जांईंट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। कालेज प्रधान काजल दहिया और उनकी नवनियुक्त कार्यकारिणी ने बताया की जो भी जिम्मेदारी मुझे इनसो ने दी है उसको बखुभी और इमानदारी से निभाने का काम करेंगी और ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को इनसो संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगी और नवनियुक्त कार्यकारिणी ने बताया की इनसो का जल्दी कॉलेज में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को इनसो से जोड़कर उनकी हर समस्या चाहे वो केंटीन की हो सुरक्षा की बात हो चाहे सफाई की बात हो और अन्य कोई समस्या हो उसको इनसो हल करवाने का काम करेगी इस अवसर पर निधि देशवाल, शीतल सिंह, एकता खोखर, संध्या दहिया, सोनम सिंह, प्रति ठाकुर, काजल कश्यप, राधिका सैनी आदि छात्रांए मौजूद थी।



## खेत से बिजली के पोल व तार चोरी

**गन्नौर। गढ़ी झंझारा** गांव के खेत से चोर बिजली का पोल व तार चोरी कर ले गए। किसान ने चोरी की सूचना निगम कार्यालय को दी। जिसके बाद निगम एसडीओ ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दर्ज करवाई। शिकायत में निगम के एसडीओ ने बताया कि गढ़ी झंझारा निवासी सुरेंद्र राम के खेत में बिजली का पोल लगा हुआ है। जिसका कनेक्शन 11 केवी अहीर माजरा से जुड़ा हुआ है। 21 मार्च की रात को चोर खेत से बिजली का पोल व तार चोरी कर ले गए। जिस कारण निगम को 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विज्ञान एवं कंप्यूटर के मॉडल बनाकर नए प्रयोगों का किया प्रदर्शन

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरु नानक** खालसा कॉलेज में विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के विज्ञान एवं कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विज्ञान एवं कंप्यूटर के मॉडल बनाकर नए प्रयोगों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने सभी मॉडलों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी अत्यंत रचनात्मक है और नित नए प्रयोगों से विकास के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



विज्ञान विभाग के इंचार्ज डॉ. देवी भूषण ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 13 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और कंप्यूटर रसायन और भौतिकी के सुंदर मॉडल बनाए। प्रतियोगिता में कंप्यूटर में बेस्ट मॉडल के वडे कॉलेज की छात्राओं ने बनाया, जिसे नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं रसायन में गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल ने बेस्ट मॉडल बनाकर नगद पुरस्कार जीता तथा बहुत भौतिकी में भी केवीए डीएवी कॉलेज करनाल ने बेस्ट मॉडल बनाकर पुरस्कार जीत।

# करनाल में रिंग रोड बनाने का विरोध शुरू

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में** भारत माता श्रृंखला के तहत बन रहे 1700 करोड़ की रिंग रोड परियोजना का कई गांवों के किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीण का आरोप है कि जब सरकार द्वारा उनकी जमीन ली गई थी, तब वादा किया था किसानों को खेतों में जाने का रास्ता मिलेगा, यानी सर्विस लेन बनाई जाएगी। लेकिन अब इस रिंग रोड पर सर्विस लेन नहीं बनाई जा रही। अगर सर्विस लेन नहीं बनी तो वह अपने खेतों में कैसे जा पाएगे। किसानों ने सवाल किया कि कैसे खेती उपकरण वह खेत में लेकर जाएंगे। इस मांग को लेकर वह आज गांव रावर के पास रिंग रोड पर टैंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना देकर बैठ गए हैं। घरौंडा



विधायक हरविंद्र कल्याण ने उनको आश्वासन दिया था कि सर्विस लेन निकलवा दी जाएगी, लेकिन ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि विधायक के आश्वासन झूठे निकले। अब एनएचएआइ रिंग रोड तो बना रही है, लेकिन यहां पर सर्विस लेन का कोई काम नहीं होना है। ऐसे में किसानों और ग्रामीणों के सामने बड़ी दिक्कत खड़ी हो गई है।

साढ़े 34 किलोमीटर लंबा यह रिंग रोड जिला करनाल के 23 गांवों से होकर गुजरेगा। रिंग रोड से के पास जिन भी किसानों के खेत है, उनमें से बहुत से किसानों के खेत दो हिस्सों में बंट गए हैं। अब अगर किसान को रोड की दूसरी तरफ अपने खेत में जाना होगा तो उन्हें कई किलोमीटर दूर से होकर जाना पड़ेगा। ऐसे मे वह कैसे इन खेतों में फसल उगा पाएंगे और कैसे कृषि सांधनों को खेत में लेकर जाएंगे। अगर सर्विस लेन होती तो वह कहीं से भी अपने खेत में आ सकते थे। ग्रामीणों का कहना कि इस मामले को लेकर जब एनएचएआई के डीजीएम रविंद्रनाथ से बात की गई तो उन्हें सिर्फ एक ही जवाब मिला कि हमारे प्रोजेक्ट में सर्विस लेन का कोई ऑप्शन नहीं दिया गया। गांव गंजोगढ़ी के सरपंच, ग्रामीण सोनी शर्मा कुटेल व अन्य ग्रामीणों व किसानों का कहना है कि रिंग रोड बन रहा है, अच्छी बात है, लेकिन किसानों के खेत रिंग रोड के दोनों तरफ है और आने जाने के लिए कोई रास्ता ही नहीं है। ग्रामीण कैसे रिंग रोड पर आएंगे। किसानों के साथ नाइंसाफी हो रही है। सुनने वाला कोई नहीं है। सर्विस लेन की मांग को लेकर किसान विधायक हरविंद्र कल्याण, करनाल जिला उपायुक्त और एसडीएम से भी मिल चुके हैं। पहले तो कहा जा रहा था कि सर्विस लेन बना दी जाएगी, लेकिन ग्रामीण मांग कर रहे हैं तो सर्विस लेन बनाने से इंकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक वह यहां से उठने वाले नहीं है। धरने पर ओम प्रकाश, संजीव, गुरप्रीत, राममेहर, विनोद, रामधारी आदि समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## टाटा एआईए लाइफ ने प्रस्तुत किया टाटा एआईए राइजिंग इंडिया फंड

**करनाल।** भारत की अग्रणी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए राइजिंग इंडिया फंड लॉन्च किया है। यह फंड भारत के विकास सफर में शामिल होने के लिए उपभोक्ताओं के लिए एक अनूठा अवसर खोलता है। न्यू फंड ऑफरिंग (एनएफओ) 31 मार्च, 2024 तक खुला रहेगा। एनएफओ अवधि के दौरान यूनिट्स को 10 रूपए प्रति यूनिट के एनएवी पर पेश किया जाएगा। राइजिंग इंडिया फंड उन प्रमुख क्षेत्रों और कंपनियों में निवेश करेगा, जो आत्मनिर्भर भारत के सफर को आगे बढ़ा रहे हैं। इनमें बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, बैंकिंग, डिजिटल, रक्षा आदि शामिल हैं। यह फंड विभिन्न मार्केट कैप वाली कंपनियों में निवेश करेगा और सेक्टर अग्नोस्टिक होगा, जो फंड मैनेजर को भारत के विकास इंजन को चलाने वाले विविध अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा। एनएफओ लॉन्च पर, टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) हर्षद पाटील ने कहा, हाल के वर्षों में, भारत ने सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया भर में अपना प्रभाव प्रदर्शित किया है। हमारा यह नया फंड, उपभोक्ताओं को भारत के विकास के इस अद्भुत सफर में भाग लेने और इससे लाभ उठाने का अवसर प्रदान करना चाहता है। टाटा एआईए द्वारा प्रदान किए जाने वाले यूलिप फंड में निवेश करके हमारे उपभोक्ताओं को हमेशा भारतीय इक्विटी बाजार की दीर्घकालिक विकास क्षमता से लाभ हुआ है। हम अपने फंड प्रदर्शन में अल्फा जनरेट करने की दिशा में प्रयास करना जारी रखेंगे।



## फूलों की होली मिलन समारोह का निमंत्रण दिया

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः पानीपत ग्रामीण हल्के के भारतीय जनता पार्टी के** वरिष्ठ नेता विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत हल्के के गांव बराना, वधावा राम कॉलोनी, गांव नूरवाला, मोतीराम कॉलोनी, जसवीर कॉलोनी, में लोगों से मिलकर के 24 मार्च दिन रविवार को सेक्टर 13-17 में अपने नव नियुक्त कार्यालय वह फूलों की होली मिलन समारोह का निमंत्रण दिया इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की है कि 24 मार्च को पानीपत ग्रामीण हल्के के हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंच करके मुझे अपना आशीर्वाद देंगे इस अवसर पर अमरेश त्यागी, पप्पल त्यागी, शिव कुमार शर्मा, बलदेव अरोड़ा हनुमान, नरेश कलशन, कर्मवीर बामनिया,कर्मवीर कश्यप,मांगेराम फौजी, सतबीर, विनोद त्यागी, संजय त्यागी, जयप्रकाश त्यागी, दिनेश अग्रवाल, रमेश डांगी, अशोक मैहता, आदि लोग उपस्थित रहे।



## राजकीय महाविद्यालय के बाहर युवकों ने मचाया हुड़दंग

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पंडित** चिरंजीलाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बाहर होली के नाम पर शुक्रवार को करीब दो दर्जन से अधिक युवकों ने जमकर हुड़दंग मचाया। उन्होंने कॉलेज आने-जाने वाली कई लड़कियों पर गुलाल डाल दिया। छात्राओं ने इसकी शिकायत कॉलेज प्रशासन से की तो कॉलेज मैनेजमेंट ने सिविल लाइन थाने में सूचना दी। जानकारी मिलते ही थाने से पुलिस की दो गाडि?ां मौके पर पहुंची, जिन्हें देखकर हुड़दंग मचा रहे युवक फरार हो गए। छात्राओं ने बताया कि सुबह से करीब 25 से 30 लडके टोलियां बनाकर कालेज के बाहर गेट पर खड़े थे, जो कॉलेज से बाहर निकलने वाली छात्राओं को जबरदस्ती गुलाल लगा रहे थे। इस दौरान छात्राओं का गेट से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था। इसके बाद पुलिस मौके पहुंची तो सभी युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों का पीछा भी किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। वहीं जैसे ही यह मामला जिला पुलिस अधीक्षक दीपक साहरन के संज्ञान में आया तो उन्होंने जिलेभर के शिक्षण संस्थानों के बाहर फ्लैग मार्च निकालवाया। शहर के रेलवे रोड़, बस स्टैंड व सेक्टरों सहित पुलिस के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शांति व सद्भाव के साथ मिलजुल कर होली का त्योहार मनाने की अपील की। सिविल लाइन थाना के प्रभारी विष्णु मित्र ने बताया कि आज जैसे ही उन्हें युवकों द्वारा हुडदंगबाजी की सूचना मिली तो वह तुरंत मौके पर पहुंच गए थे।



# मतदाता व उम्मीदवारों की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शुरू किए करीब दो दर्जन मोबाइल एप : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 18वें लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए करीब दो दर्जन ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हैं। मतदाता या कोई भी उम्मीदवार एप का प्रयोग कर अपनी समस्या का निवारण करवा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऑफलाईन ही नहीं, अपितु ऑनलाईन भी अनेक सेवाएं शुरू की हुई हैं। उदाहरण के तौर पर 18 साल का कोई युवा व युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। यह सुविधा केवल तब तक है, जब तक कि लोकसभा आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती। नामांकन पत्रों के दाखिला शुरू होने के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। उन्होंन कहा कि हरियाणा प्रदेश में नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से आरंभ होगी और 6 मई तक जारी रहेगी। इसी प्रकार निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक नया एप शुरू किया है। इस मोबाइल एप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट में किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप का प्रयोग कर अपने आवेदन को एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार सुविधा एप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ एप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोडकर अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं।

# टीबी उन्मूलन को लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सिविल सर्जन** कार्यालय में आज विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन ने आईईसी वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन क्षेत्र के हाई रिस्क एरिया में जाकर लोगों को जागरूक करेगी।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतरीन कार्य करने पर डा.आरआई सिंह अर्पना अस्पताल, डा.अतुल्य अत्रेजा आरोग्यम अस्पताल, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी इन्द्री, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी घरौंडा, डा. नीरजा चिकित्सा अधिकारी धोबी मोहल्ला, डा. विनीत गांधी चिकित्सा अधिकारी बरसत, डा. दुर्जेश सीएचओ सोंकड़ा, किरण नर्सिंग आफिसर बडोता, भीषम एलटी सांभली, गौरव एलटी नीलोखेड़ी, प्रोमिला आशा वर्कर, निर्मल आशा वर्कर काछवा, रश्मि अकाउटैंट तथा प्रीति धवन डाटा एंट्री आपरेटर को सम्मानित कर उनका हौंसला बढाया।



## ईडी ने मल्टीलेवल मार्केटिंग मामले में 84.24 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मल्टीलेवल मार्केटिंग स्कीम मामले में 84.24 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए), 2002 के तहत की है। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि मल्टीलेवल मार्केटिंग स्कीम मामले में 19 मार्च को जांच एजेंसी ने प्रमोटरों भाऊसाहेब छब्बू चव्हाण, आरती भाऊसाहेब चव्हाण और अन्य द्वारा अर्जित की गई 84.24 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्तियों सहित चल-अचल संपत्तियां जब्त की है। ईडी ने कहा कि जब्त की गई यह संपत्तियां महाराष्ट्र और राजस्थान के अन्य क्षेत्रों के अलावा नासिक, ठाणे, सिंधुरगढ़ और पाली जिलों में स्थित हैं।

ईडी ने कहा कि इन प्रमोटरों भाऊसाहेब छब्बू चव्हाण और आरती भाऊसाहेब चव्हाण की संपत्तियों को धन शोधन निवारण कानून, 2002 के तहत अटैच किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, उसमें बेनामी संपत्तियां, डीमैट खाते, डाकघर के बचत खातों में जमा पैसे, चांदी और हीरे के आभूषणों और बैंक अकाउंट में जमा पैसा भी शामिल है।

## कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड 87 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 0.50 डॉलर यानी 0.58 फीसदी की उछाल के साथ 86.45 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.70 डॉलर यानी 1.14 फीसदी की गिरावट के साथ 81.68 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## 'ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत ढांचों की जरूरत', डिजिटलीकरण पर बोले डिप्टी गवर्नर

**मुंबई ।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा, कोविड महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण को तेज कर दिया है। इससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। बैंकिंग ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है। वित्तीय सेवाओं के डिजिटल होने और फिनटेक प्लेटफॉर्मों का प्रसार होने से खतरे की आशंका है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा, कोविड महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण को तेज कर दिया है। इससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। पेरिस में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वामीनाथन ने कहा, डिजिटलीकरण में तेजी से बहुत सारे फिनटेक प्लेटफॉर्म आ गए हैं। यह प्लेटफॉर्म परंपरागत प्रणालियों की तरह काम नहीं करते हैं। साथ ही इसमें कुछ नियामकीय दायरे से बाहर होते हैं। हालांकि, उनसे पहुंच जैसे बड़े लाभ मिलते हैं, लेकिन वे दुरुपयोग और धोखाधड़ी के जोखिम को भी बढ़ाते हैं। वे ग्राहकों को साइबर हमलों, डाटा उल्लंघन और अक्सर कुछ वित्तीय नुकसान के जोखिम में डाल सकते हैं। ग्राहकों को ऐसी कंपनियों की ओर से पारदर्शिता में कमी दिखाने के कारण विवादों को सुलझाने या मुआवजा प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

## बैंकों में साइबर खतरे से निपटने की पूरी तैयारी

**मुंबई ।** तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के बीच साइबर सुरक्षा बड़ा सवाल बनकर सामने आया है। ताजा घटनाक्रम में बैंकों में साइबर सुरक्षा पर जोर दिया जा रहा है। बैंकों में साइबर खतरों के खिलाफ सुरक्षा बढ़ाने के लिए अधिक पैसे खर्च किए जा रहे हैं। बैंकों के खर्चों पर अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी- मूडीज की तरफ से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्तीय संस्थानों में साइबर सुरक्षा की अहमियत पर ध्यान दिया जा रहा है। इस सर्वेक्षण के दौरान 240 बैंकों में होने वाले खर्चों का आकलन किया गया।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लगातार दूसरे दिन रौनक, बिटकॉइन 66 हजार डॉलर के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लगातार दूसरे दिन रौनक नजर आ रही है। बाजार में आज खरीदारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से कोई भी रेड जोन में नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन समेत टॉप- 10 में शामिल हर क्रिप्टो करेंसी आज ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही है। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन आज एक बार फिर 66 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 5.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 66,873.59 डॉलर यानी 55.59 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 8.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ उछल कर 3,531.45 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.07 प्रतिशत, बीएनबी 5.94 प्रतिशत, सोलाना 11.12 प्रतिशत, एक्सआरपी 3.26 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.03 प्रतिशत, कार्डानो 4.77 प्रतिशत, डोजेकॉइन 13.42 प्रतिशत और एवलांचे 3.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 6.78 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.54 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 211.13 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में उछाल आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 15,221 करोड़ डॉलर यानी 12.65 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 5.73 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में तेजी आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.22 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 51.89 प्रतिशत रह गई है।

## इंटरनेशनल मार्केट में नई ऊंचाई पर सोना, भारत में भी आ सकती है तेजी

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में सोना ऊंचाई के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत आज पहली बार 2,200 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई। वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में ये उछाल अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दर में कटौती करने का संकेत दिए जाने की वजह से माना जा रहा है। भारतीय सर्राफा बाजार में भी सोना के नई ऊंचाई पर पहुंचने की संभावना जताई गई है।



इस साल फरवरी के मध्य से ही सोने की कीमत में लगातार तेजी बनी हुई है। भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण दुनिया के कई देशों के केंद्रीय बैंक अपने सोने के भंडार को मजबूत करने के लिए लगातार खरीदारी कर रहे हैं, जिसकी वजह से इस चमकीली धातु की कीमत में उछाल आया हुआ है। इसके साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से आए उत्साहजनक संकेत की वजह से आज वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में हाजिर सोना 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,201.94 डॉलर प्रति औंस के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया।

पिछले सप्ताह भी इंटरनेशनल मार्केट में ट्रेडर्स ने गोल्ड में अपनी लॉन्ग पोजिशन बनाई थी, जिसके कारण ये चमकीली धातु 2019 के बाद अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। ऐसे में बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने ब्याज दरों में कटौती करने का एक बार फिर संकेत देकर गोल्ड मार्केट में उत्साह का माहौल बना दिया। माना जा रहा है कि अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व अपने संकेतों के मुताबिक ब्याज दरों में कटौती करता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में और उछाल आ सकता है।

गोल्ड मार्केट के एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक जियो पोलिटिकल रिस्क के कारण कई देशों में आर्थिक मंदी के कयास लगाए जा रहे हैं। इसकी वजह से चीन जैसी बड़ी आर्थिक शक्ति के केंद्रीय बैंक ने भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की खरीदारी तेज कर दी है। इसके साथ ही प्रॉपर्टी मार्केट में गिरावट आने की वजह से चीन के अलावा यूरोप के कई देशों में भी लोगों का सोने के ऊपर भरोसा बढ़ा है। ऐसी स्थिति में सोने की खरीदारी लगातार तेज होती जा रही है, जिसके कारण इस चमकीली धातु की कीमत में उछाल आया है। माना जा रहा है कि अगर वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में सोना इसी तरह मजबूत होता रहा, तो भारतीय सर्राफा बाजार में भी सोना नई ऊंचाई पर पहुंच सकता है।

## निसान मोटर इंडिया ने सौरभ वत्स को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया




**नई दिल्ली।** कार निर्माता कंपनी निसान मोटर इंडिया ने सौरभ वत्स को कंपनी का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। वत्स 15 जनवरी, 2024 को कंपनी के उप प्रबंध निदेशक के तौर पर नियुक्त किए गए थे। उनका कार्यकाल एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा।

कंपनी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि सौरभ वत्स को कंपनी का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। वे राकेश श्रीवास्तव का स्थान लेंगे, जो 31 मार्च, 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले वत्स 15 जनवरी को कंपनी के उप प्रबंध निदेशक नियुक्त किए गए थे। उनका कार्यकाल एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा। कंपनी ने कहा कि वत्स निसान इंडिया परिचालन के अध्यक्ष और 'बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन' के क्षेत्रीय प्रभाग के उपाध्यक्ष फ्रैंक टोरेस को रिपोर्ट करेंगे। उल्लेखनीय है कि निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) निसान मोटर कंपनी लिमिटेड जापान की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इसकी स्थापना 2005 में हुई थी, जो भारत में हैचबैक, एमयूवी, एसयूवी और सेडान मॉडल पेश करती है। भारतीय बाजार में निसान इंडिया के पास दो ब्रांड, निसान और डैटसन का पोर्टफोलियो है।

## बंगाल सरकार के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री और टीएमसी नेता चंदनाथ सिन्हा के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने बंगाल के बीरभूम जिले के बोलपुर में यह कार्रवाई की। ईडी के अधिकारी अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ छापेमारी करने पहुंचे। जवानों ने चंद्रनाथ सिन्हा के ठिकानों की घेराबंदी की और ईडी के अधिकारी अंदर जांच कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईडी की छापेमारी बंगाल के करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती घोटाला मामले में हुई है। ईडी ने इस मामले में बंगाल में पांच जगहों पर छापेमारी की, जिनमें चंद्रनाथ सिन्हा का घर भी शामिल है। चंद्रनाथ सिन्हा, बंगाल की टीएमसी सरकार में एमएसएमई और कपड़ा मंत्री हैं। टीएमसी के शीर्ष नेता अनुब्रत मंडल भी बोलपुर के निवासी हैं और वे गौ तस्करी के मामले में जेल में बंद हैं। अनुब्रत मंडल बीते करीब दो वर्षों से तिहाड़ जेल में बंद हैं। साथ ही अनुब्रत मंडल की बेटी सुकन्या मंडल, सहयोगी सहगल हुसैन और सीए मनीष कोठारी भी जेल में बंद हैं।



# देश का खनिज उत्पादन जनवरी महीने में 5.9 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश के खनिज उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खनन और उत्खनन क्षेत्र का खनिज उत्पादन सूचकांक जनवरी, 2023 की तुलना में जनवरी, 2024 में 5.9 फीसदी बढ़ गया। अप्रैल-जनवरी 2023-24 की अवधि के दौरान संचयी वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.3 फीसदी है। खान मंत्रालय ने भारतीय खान ब्यूरो के आंकड़ों के हवाले से बताया कि देश का खनन और उत्खनन क्षेत्र का खनिज उत्पादन सूचकांक जनवरी 2023 के स्तर की तुलना में जनवरी में 5.9 फीसदी बढ़ गया। वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जनवरी अवधि के लिए पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में संचयी वृद्धि 8.3 फीसदी रहा है।

भारतीय खान ब्यूरो के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार जनवरी, 2024 में महत्वपूर्ण खनिजों का उत्पादन- कोयला 998 लाख टन, लिग्नाइट 41 लाख टन, प्राकृतिक गैस (प्रयुक्त) 3073 मिलियन घन मीटर, पेट्रोलियम (कच्चा) 25 लाख टन, बॉक्साइट 2426 हजार टन, क्रोमाइट 251 हजार टन, तांबा सांद्र 12.6 हजार टन, सोना 134 किलो, लौह अयस्क 252 लाख टन, सीसा सांद्र 34 हजार टन, मैंगनीज अयस्क 304 हजार टन, जस्ता सांद्र 152 हजार टन, चूना पत्थर 394 लाख टन, फॉस्फोराइट 109 हजार टन और मैग्नेसाइट 13 हजार टन। इसके अलावा जनवरी, 2023 की तुलना में जनवरी, 2024 में सकारात्मक वृद्धि दर्शाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों में मैग्नेसाइट 90.1 फीसदी, तांबा सांद्र 34.2 फीसदी, कोयला 10.3 फीसदी, चूना पत्थर 10 फीसदी, बॉक्साइट 9.8 फीसदी, मैंगनीज अयस्क 7.8 फीसदी, प्राकृतिक गैस (यू) 5.5 फीसदी, सीसा सांद्र 5.2 फीसदी, लौह अयस्क 4.3 फीसदी, लिग्नाइट 3.6 फीसदी, जस्ता सांद्र 1.3 फीसदी, और पेट्रोलियम (कच्चा) 0.7 फीसदी है, जबकि नकारात्मक वृद्धि दर्शाने वाले अन्य महत्वपूर्ण खनिजों में सोना -23.4 फीसदी, क्रोमाइट -35.2 फीसदी और फॉस्फोराइट -44.4 फीसदी शामिल हैं। जनवरी, 2024 माह के लिए खनन एवं उत्खनन क्षेत्र का खनिज उत्पादन सूचकांक 144.1 पर है, जो जनवरी, 2023 के स्तर की तुलना में 5.9 प्रतिशत अधिक है। भारतीय खान ब्यूरो के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-जनवरी, 2023-24 की अवधि के लिए संचयी वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.3 प्रतिशत है।

## महत्वपूर्ण खनिजों के लिए भारत की अफ्रीकी देशों पर नजर : Mines Secretary

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खान सचिव वी एल कांता राव ने शुक्रवार को कहा कि कोबाल्ट और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के लिए भारत की अफ्रीका पर नजरें टिकी हुई हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश लिथियम ब्लॉक के लिए अभी भी ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत कर रहा है। राव ने यहां एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, हम लिथियम और कोबाल्ट सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अफ्रीका के जाम्बिया, नामीबिया, कांगो, घाना और मोजाम्बिक देशों में संभावनाएं तलाश रहे हैं।

प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और अन्य उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की काफी अहम उपयोगिता है। राव ने कहा कि अपतटीय खनिज ब्लॉकों की नीलामी से जुड़े नियमों को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 अपतटीय ब्लॉकों को बिक्री के लिए रखा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अपतटीय ब्लॉकों की नीलामी आम चुनाव के बाद होगी। खान सचिव ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी के पहले दौर का नतीजा 10 दिनों में आ जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में लिथियम ब्लॉक की नीलामी अब तीसरी किस्त में की जाएगी क्योंकि इसके लिए केवल दो बोलियां ही आई थीं। इसे पहले दौर में बिक्री के लिए रखा गया था। सरकार ने इस महीने महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी का तीसरा चरण शुरू किया है। इस दौर में कुल सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी की जा रही है।



## सरकारी बैंकों का एनपीए छह माह में 3.5 फीसदी तक रहने की उम्मीद, फिक्की-आईबीए ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश के सरकारी बैंकों के बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। अगले छह माह में इनके और घटकर 3 से 3.5 फीसदी तक आने की उम्मीद है। फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 फीसदी बैंकों के भी एनपीए में गिरावट आई है।

सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। जुलाई से दिसंबर, 2023 के बीच यह सर्वे किया गया था। इसमें निजी, सरकारी और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। इन सभी की बाजार हिस्सेदारी 77 फीसदी है। सभी सरकारी बैंकों के एनपीए में कमी आई है। किसी भी सरकारी और विदेशी बैंक के एनपीए में छह माह में वृद्धि नहीं हुई है। 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है।

**खाद्य प्रसंस्करण और कपड़ा क्षेत्र में ज्यादा एनपीए**

खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्र में ज्यादा एनपीए है। अगले छह महीनों में 41 प्रतिशत बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग कर्ज वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है। 18 प्रतिशत को लगता है कि गैर-खाद्य उद्योग कर्ज वृद्धि 12 प्रतिशत से अधिक होगी।

## Gensol Engineering को महाराष्ट्र में 520 करोड़ रुपये की सौर परियोजना मिली

**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र में सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 520 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। जेनसोल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह ऑर्डर राज्य की एक अग्रणी बिजली उत्पादन इकाई से प्राप्त किया गया है। इसमें कहा गया, इस परियोजना में महाराष्ट्र में 500 एकड़ में 100 मेगावाट एसी/135 मेगावाटपी ग्राउंड-माउंट सौर पीवी बिजली परियोजना का विकास शामिल है, जिसका कुल ऑर्डर मूल्य 520 करोड़ रुपये है। जेनसोल ने कहा कि इसके तहत सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कार्य, जरूरी मंजूरियां हासिल करना, संयंत्र की स्थापना और शुरुआत, और संयंत्र के स्विचयार्ड और ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे के रखरखाव सहित तीन साल का परिचालन प्रबंधन शामिल है। कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य 450 दिनों के भीतर ऑर्डर पूरा करने का है।

## 'अगले पांच सालों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत', जी 20 के शेरपा ने किया दावा

**नई दिल्ली।** भारत अगले पांच सालों में अर्थव्यवस्था के मामले में जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ देगा। ये बातें जी 20 के शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने बताई हैं। दरअसल भातीय उद्योग संघ द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन कराया गया था। इस सम्मेलन में अमिताभ कांत ने कहा कि अगले पांच सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ तीसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछली तीन तिमाहियों में भारत बड़ी ताकत के रूप में उभरा है और 8.3 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ रहा है। अमिताभ कांत ने कहा है कि अगले दशक में भारत दुनिया के आर्थिक विस्तार में लगभग 20 प्रतिशत का योगदान देगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। इसमें दक्षिण भारत का विकास सबसे अहम योगदान निभाएगा। अमिताभ कांत ने इस बात पर जोर दिया कि स्मार्ट शहरीकरण, और कृषि के क्षेत्र में भारत को विनिर्माण के दम पर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि एमएसएमई और एसएमई को आगे बढ़ाने के लिए भारत में बड़ी संख्या में बड़ी कंपनियों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अलावा भारत को अपने विकास के खर्च को 0.7 प्रतिशत से बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 2.5-3 प्रतिशत करना चाहिए। अमिताभ कांत ने कहा कि भारत में विकास की गति को तेज करने के लिए हम वस्तु और सेवा कर लेकर आए, जिससे हमें अच्छा फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया भी भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। इस अभियान को शुरु करते समय भारत के पास केवल 150 स्टार्टअप थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 1,25,000 हो चुकी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 23 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## चापलूसों से घिरे रहने के कारण रिपीट नहीं हुई अशोक गहलोत सरकार: लोकेश शर्मा

जयपुर: पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूर्व विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा ने राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट नहीं होने को लेकर पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने इस बात को प्रमुखता से उठाया कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी सरकार रिपीट क्यों नहीं करवा सकी, इसके पीछे क्या कारण रहे, इस पर पार्टी को गहनता से विचार करना चाहिए। लोकेश शर्मा ने कहा कि इसमें जो एक प्रमुख कारण रहा, उसका मैंने चुनाव परिणामों पर सोशल मीडिया पर दी गई प्रतिक्रिया में भी जिक्र किया था। वो कारण यह था कि कुछ अपरिपक्व और चापलूस किस्म के लोग गहलोत ने अपने आसपास इकट्ठे कर लिए थे, इस वजह से जो जमीनी सच्चाई थी, वो उन तक पहुंच ही नहीं पाई। उसका जो नतीजा रहा, वो आज सभी के सामने है। लोकेश शर्मा ने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि राजस्थान देश का एकमात्र ऐसा प्रदेश था, जहां कांग्रेस की सरकार रिपीट होने की शत-प्रतिशत उम्मीद थी क्योंकि यहां सरकार ने बहुत अच्छा काम किया, सरकार की योजनाएं बहुत अच्छी थीं, लोग सरकार के कामकाज से खुश थे और जनता चाहती थी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रिपीट हो। लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करने में जो कमियां-खामियां रहीं, उन पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया। जनता की नाराजगी कांग्रेस की सरकार से नहीं, बल्कि स्थानीय नेताओं से थी। इसलिए अगर समय रहते टिकट बदले जाते, तो निश्चित तौर पर आज हम सरकार में होते। पिछले दिनों जिन भी नेताओं ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी, उन सभी नेताओं ने एक ही बात कही कि पार्टी में हमारी सुनवाई नहीं हुई, टिकट वितरण में भी एक ही व्यक्ति अशोक गहलोत की चली। लोकेश शर्मा ने यह भी कहा कि पूर्व सीएम गहलोत ने भी कभी भी इस बात का खुलासा नहीं किया कि सरकार रिपीट नहीं होने के पीछे क्या-क्या कारण रहे और आने वाले समय में हम इन खामियों को दूर करेंगे। इसकी बजाय गहलोत का जोर इस बात पर रहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है। लेकिन जिस प्रदेश में पार्टी सरकार रिपीट कर सकती थी, वहां यह कहना कि हमारा वोट प्रतिशत बढ़ा है और चुनाव में 69 सीट आई हैं, ये केवल मन को तसल्ली देने वाली बात है।

## छात्रों को मिली इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और भविष्य के रोड मैप की जानकारी

जयपुर: छात्रों को इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज की बारीकियों, इसके विधि व नियामक ढांचा निर्माण तथा भविष्य के रोड मैप के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार को महानिदेशक एससीआरबी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के मुख्य आतिथ्य में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान जयपुर में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) जयपुर के निदेशक एवं डीआईजी डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के तत्वाधान में इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज विधि व्याख्यान श्रंखला पर प्रथम व्याख्यान "चैलेंजेज इन बिल्डिंग रेगुलेटरी फ्रेमवर्क फॉर इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज' पर आयोजित हुआ।

# राजसत्ता...पंचपुरी के संतों की रही अहम भूमिका

### सनातन संस्कृति के विभिन्न मुद्दों को लेकर धर्मनगरी के संतों ने गंगा की अविरल धारा के समान लहरों को भी जन्म दिया



टीम एक्शन इंडिया

**हरिद्वार:** पंचपुरी हमेशा धर्म और राजसत्ता को कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। यहां के संत, संन्यासी, अखाड़े व आश्रम के परमाध्यक्ष भी कई राजनीतिक दलों की नैया पार करते हैं। शरण में आने वाले दलों में किसी को राजसत्ता मिली तो किसी ने बड़े अंतर से जीत हासिल की। कालांतर में इसका उदाहरण मिलता रहा है। सनातन संस्कृति के विभिन्न मुद्दों को लेकर धर्मनगरी के संतों ने गंगा की अविरल धारा के समान लहरों को भी जन्म दिया है। जिससे देश के बड़े राजनीतिक दलों को उसका भरपूर लाभ मिला। केंद्र या राज्य दोनों की सत्ता में काबिज होने वाले कई दलों ने समय-समय पर संत समाज से प्रेरित लहर का लाभ भी लिया। यहां शरणागत होने वाले वंचित या निराश होकर नहीं गए।

**साल दर साल व्यापक होता गया स्वरूप:** सनातन संस्कृति के साधकों की बड़ी तपस्थली के रूप में हरिद्वार लोकसभा का साल-दर साल विस्तार होता गया। इस जिले में प्रदेश में सर्वाधिक आबादी होने से सर्वाधिक मतदाता भी हैं। यहीं से धर्मसत्ता के लिए भी कई बार रणनीति तय की गई। इसलिए बड़े राजनीतिक दलों से लेकर उनके अनुषांगिक संगठनों का पंचपुरी से विशेष लगाव रहता है। इसका जीवंत उदाहरण रहा है कि हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में लगातार छह बार भाजपा को जीत मिली। वहीं तीन बार कांग्रेस को भी मौका मिला। सपा के टिकट पर चुनाव लड़कर राजेंद्र बाड़ी ने भी स्थानीय मुद्दे को छू दिया और देश के बड़े सदन में पहुंच गए थे।

### 26 प्रतिशत मुस्लिम और 22 प्रतिशत एससी वोट साधते हैं सभी दल

हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 के आंकड़े बताते हैं कि इसमें 26 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम और 22 प्रतिशत एससी हैं। जातीय समीकरण साधने में सफल रहे कई चुनाव के विजेता प्रत्याशियों ने कई बहुसंख्यक वर्ग को साधकर अपनी चुनावी नैया पार कर ली। इसमें वर्ष 2004 में हुए चुनाव में सपा के राजेंद्र बाड़ी ने भाजपा समेत कई दलों को झटका दिया था। लोकसभा चुनाव में राजेंद्र की जीत के पीछे अधिकांश लोग जातीय समीकरण को साधने के साथ ही हरिद्वार को उत्तर प्रदेश में शामिल कराने के चुनावी वादे को भी कारण मानते हैं।

**उलझकर रह गए हैं कई राजनीतिक दल:** लोकसभा चुनाव में भाजपा को छोड़कर अभी किसी दल ने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। यहां की प्रकृति और मैदान व पहाड़ के समीकरण को समझने का फेर भी आसान नहीं है। कांग्रेस, बसपा, सपा जैसे दलों के प्रत्याशियों की घोषणा नहीं होने से एक तरह से राजनीतिक शून्यता नजर आ रही है। मतदाता भी मौन साधे हुए हैं।-

**मायावती और रामविलास ने भी आजमाए थे दांव:** 14 विधानसभा सीट वाली हरिद्वार लोकसभा की सीट में तीन को छोड़ दें तो 11 मैदानी इलाके में हैं। इसे मैदान बनाने में कई दलों को मौका मिला, फिर भी वे नाकामयाब रहे। इसकी प्रकृति को बिना समझे उत्तर प्रदेश के बड़े भूभाग को छोड़कर बसपा सुप्रीमो मायावती भी 1984 के उपचुनाव में दांव आजमाने पहुंचीं थीं। वहीं बिहार से सीधे धर्मनगरी का रुख रामविलास पासवान जैसे चेहरों ने भी की। हालांकि जीत कांग्रेस प्रत्याशी की हुई थी।

**हर बार हरिद्वार में बढ़ा मतदान के प्रति रुझान:** पिछले चार लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो धर्मनगरी के मतदाताओं का मतदान के प्रति रुझान बढ़ता ही गया। राज्य गठन के बाद पहला लोकसभा चुनाव वर्ष 2004 में हुआ। इसमें मत प्रतिशत 53.19 प्रतिशत से अधिक रहा। वर्ष 2009 में 61.11 प्रतिशत और वर्ष 2014 में सर्वाधिक मत पड़े जो 73.10 प्रतिशत रहा। वर्ष 2019 में एक प्रतिशत से अधिक मत घटे, इस चुनाव में कुल 72 प्रतिशत मतदान हुआ।

## देश में लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा: दिग्विजय



टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने को मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर हमला बोला। पूर्व सीएम ने कहा कि देश में लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है। देश में अघोषित आपातकाल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अकाउंट फ्रीज किए गए ताकि कांग्रेस चुनाव न लड़ पाए। कांग्रेस पंपलेट न छाप पाए। कांग्रेस के प्रत्याशियों को पैसा ना दे पाए। पूर्व सीएम ने कहा कि अन्य किसी पार्टी को इनकम टैक्स नहीं देना है। सिर्फ कांग्रेस पार्टी से इनकम टैक्स लेने का प्रावधान हुआ है। पूर्व सीएम ने इलेक्टोरल बांड को लेकर भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी हफ्ता वसूली है। चंदा दो धंधा लो। कोविड में नकली दवाई बनाने वालों से भी चंदा लेकर उन्हें छोड़ा गया।

**जहां से कहेंगे चुनाव लड़ने को तैयार:** राजगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर पूछे सवाल पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि अभी लिस्ट नहीं आई है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का आदर्श कार्यकर्ता हूं। पार्टी देश में जहां से कहेंगी, वहां से चुनाव लडूगा।

**भय और लालच दोनों के कांग्रेस नेता छोड़ रहे पार्टी:** कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि भय और लालच दोनों के मिश्रण के कारण भाजपा में जा रहे हैं। जिनको पार्टी ने सब कुछ मिला वह पार्टी छोड़कर जा रहे हैं।

**ईवीएम से छेड़छाड़ करने वाले जल्द पकड़े जाएंगे:** ईवीएम को लेकर पूछे सवाल पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि मशीन में छेड़छाड़ करने वाले पकड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम इसके काफी करीब पहुंच गए हें। जिस दिन हम पहुंच जाएंगे। उसी दिन देशद्रोह के आरोप में उनको फांसी दी जाएगी।

आपातकाल

8 पूर्व सीएम ने कहा कि देश में लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है। देश में अघोषित आपातकाल है



राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को बिहार स्थापना दिवस पर राजभवन में बिहार के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गौरवमय इतिहास और समृद्ध संस्कृति का प्रदेश बिहार भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है।

## आजम के साथ अन्याय कर रही भाजपा: अखिलेश यादव

टीम एक्शन इंडिया

**सीतापुर:** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आजम खां के साथ अन्याय कर रही है। उनके परिवार को भी परेशान किया जा रहा है। यह पूरी तरह से अमानवीय है। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि आजम खां को न्याय जरूर मिलेगा। समय बदलता है। समय बड़ा बलवान होता है। आजम खां के साथ न्याय होगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने झूठे मुकदमों का रिकॉर्ड बना दिया है लेकिन अंत में जीत सच्चाई की होती है। अखिलेश यादव शुक्रवार को वरिष्ठ नेता आजम खां से मिलने के लिए सीतापुर जेल गए थे। इसके बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इलेक्टरोल बॉन्ड से भाजपा की सच्चाई बाहर आ गई है। अब पीडीए ही एनडीए को हराएगा। जनता वोट की तारीखों का इंतजार कर रही है। भाजपा की सरकार मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रही है लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड से उनकी सच्चाई बाहर आ गई है। अखिलेश यादव की आजम खां से मुलाकात को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा रहा है। कहा जा रहा है कि आजम की सहमति मिलने के बाद ही रामपुर के प्रत्याशी पर मुहर लगेगी।

## 12 साल पुराने आरक्षक भर्ती घोटाले में फैसला

टीम एक्शन इंडिया

**ग्वालियर:** बारह साल पहले ग्वालियर में पकड़े गए पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाले में तीन आरोपियों को ग्वालियर कोर्ट ने सजा सुनाई है। आरोपियों में मुन्ना भाई, उसके नाम पर परीक्षा दे रहा सॉल्वर और एक दलाल शामिल है। कोर्ट ने तीनों पर जुमार्ना भी लगाया है। लोक अभियोजक चंद्रपाल ने बताया कि ग्वालियर के आईआईटीटीएम में पुलिस आरक्षक की भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र पर 30 सितंबर 2012 को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें चैकिंग के दौरान बृजमोहन सिंह निवासी फिरोजाबाद (उप्र) को गोहद निवासी रिंकू सिंह के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था।

## परिवर्तन: गांव छोड़ शहर की ओर खिसके मतदाता

### असुविधाओं ने बदल दी पहाड़ की जनसांख्यिकी

टीम एक्शन इंडिया

**हल्द्वानी: कुमाऊं** के पर्वतीय जिलों के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से सुविधाओं के अभाव ने जनसांख्यिकी बदल दी है। सीमांत जिले पिथौरागढ़ समेत अल्मोड़ा जिले के कई इलाकों से शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, परिवहन आदि के लिए लोग पलायन कर गए हैं। स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, अस्पतालों में डॉक्टर। कई गांवों में अभी तक सड़क नहीं पहुंची है लिहाजा किसी के बीमार या प्रसव पीड़िता को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए डोली ही सहारा है। कई गांव ऐसे हैं जहां सड़क तब पहुंची जब आबादी पलायन कर गई। इन जिलों में घटते मतदाताओं और तराई-भाबर में बढ़ती जनसंख्या पलायन का सबूत है। मैदानी इलाकों में रोजगार के बेहतर अवसर होने से प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी लोग यहां आकर बस रहे हैं, जिसकी वजह से यहां के मतदाताओं की संख्या भी इजाफा हुआ है।



**अल्मोड़ा- दो साल में घट गए 4863 मतदाता**

वर्ष 2022 में जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में 5,40,152 मतदाता थे जो अब 5,35,289 रह गए हैं।

जिले की छह विधानसभा सीट में से चार पर मदाताओं की संख्या घटी है।

अल्मोड़ा विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 3048 मतदाता घटे हैं। 2022 में यहां 90,321 मतदाता थे, अब 87,273 रह गए हैं द्वाराहाट विधानसभा सीट पर 92,555 मतदाता थे जो अब 91,023 रह गए हैं। यहां 1532 मतदाताओं ने पलायन किया है।

पलायन

8 कुमाऊं के पर्वतीय जिलों के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से सुविधाओं के अभाव ने जनसांख्यिकी बदल दी है

## चंद्र-त्रिपुंड तिलक लगाकर भस्मारती में सजे बाबा महाकाल



टीम एक्शन इंडिया

**उज्जैन:** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज फाल्गुन शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी शुक्रवार तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। बाबा महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से कर पूजन अर्चन किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट और रुद्राक्ष व पुष्पों की माला धारण करवाई गई। आज के श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि त्रयोदशी की भस्मआरती में बाबा महाकाल का चंद्र और त्रिपुंड तिलक लगाकर भांग से श्रृंगार किया गया। साथ ही चांदी के हर मुंड की माला बाबा महाकाल को धारण करवाई गई। श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल के ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई।

भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान हजारों पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया।

**महाकाल के आंगन में हुई फाग उत्सव की शुरूआत:** इधर, शुक्रवार की सुबह महाकाल मंदिर परिसर स्थित कोटितीर्थ कुंड के पास भस्मारती के नियमित दर्शनार्थियों ने फाग उत्सव मनाया गया। होली से दो दिन पहले महाकाल मंदिर में जमकर गुलाल उड़ाया गया। भजन गाती महिलाओं और उड़ते गुलाल को देख बड़ी संख्या में मंदिर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु भी फाग उत्सव में रमे हुए दिखाई दिए।

## श्रीकृष्ण बलराम खेलेंगे फूलों की होली

**जयपुर: जगतपुरा** स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर भी आध्यात्म के रंगों में रंग गया है। मंदिर के कृष्ण हॉल में 22 से 24 मार्च तक गौर कथा का आयोजन किया जाएगा और 25 मार्च की शाम को गौर पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए मंदिर प्रबंधन की तरफ से विशेष तैयारियां की जा रही है।

गौर पूर्णिमा उत्सव पर पूरे मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। दिव्य अलौकिक पोशाक एवं फूल बंगले के साथ भव्य श्रंगार किया जाएगा।

## 29 सीटो में गांव-गांव घूमे भाजपा के प्रचार रथ



टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा थी कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का जो संकल्प तैयार हो, वह जनता से मिले सुझावों पर आधारित हो। इसके लिए हमने प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक संगठन की रचना की और टोलियां बनाई तथा विभिन्न माध्यमों से लाखों सुझाव एकत्रित किए हैं, जिनमें लोगों ने विकसित भारत के बारे में उनकी सोच और कल्पना को पार्टी के साथ साझा किया है। इन सुझावों को हम आज केंद्रीय नेतृत्व को भेज रहे हैं, जहां से उन्हें पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने गुरुवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह इच्छा व्यक्त की थी कि हमारा संकल्प पत्र जनता के सुझावों पर आधारित होना चाहिए। इसके लिए मध्य प्रदेश में हमने प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक संरचना बनाई, टोलियों का गठन किया। सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों में 1200 स्थानों पर सुझाव पेटियां लगाई गईं और 58 प्रचार रथों के माध्यम से भी गांव-गांव से सुझाव एकत्रित किए गए। पार्टी के जो भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे, उस दौरान भी सुझाव पेटियां रखी जाती थीं।

संकल्प तैयार

8 हमने प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक संगठन की रचना की और टोलियां बनाई है

## 'एक आरोपी को मौत... दूसरे को जेल, अब कुछ नहीं कहना'

टीम एक्शन इंडिया

**बदायूं:** बदायूं में दो बच्चों की हत्या के मामले में आरोपी जावेद को रिमांड के लिए सीजेएम मोहमद साजिद के न्यायालय में शुक्रवार को पेश किया गया। न्यायालय ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

इस पर पिता विनोद का कहना है कि एक आरोपी को जेल और दूसरे को मौत मिली है। अब हम इस संबंध में कुछ कहना नहीं चाहते। अब जो भी कार्रवाई होगी, वह पुलिस करेगी या फिर कोर्ट करेगा। उनके घर पर आसपास के और तमाम रिश्तेदार सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की बाबा कॉलोनी में 19 मार्च शाम विनोद कुमार के बेटे आयुष (13) और अहान उर्फ हनी (6) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। घटना को अलापुर थाना क्षेत्र के सखानू निवासी साजिद और जावेद ने अंजाम दिया था। दोनों विनोद के घर के सामने ही सैलून चलाते थे। साजिद चाकू लेकर विनोद कुमार के घर में घुस गया था और उनके दो बच्चों को गला रेतकर मार डाला था। मझले बच्चे पीयूष पर भी हमला किया था, लेकिन वह बाल-बाल बच गया था।

इतिहास

### जनता के मन में, आखिर कितनी बदली जिले की तस्वीर

## अमेठी तो खास...यहां के मुद्दे आम...वोटिंग का इंतजार





टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** मैं अमेठी हूं...। मेरे अतीत में भगवान राम की यादें हैं। द्वापर से भी गहरा जुड़ाव है। नंदमहर धाम में भगवान श्रीकृष्ण और नंद बाबा ने प्रवास किया। पद्मावत जैसे काव्य की रचना करने वाले सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी मेरे आंगन में ही पले बढ़े। जायस में गुरु गोरखनाथ ने तप किया। पहले मैं सुल्तानपुर का एक अंग था। वर्ष 1967 में संसदीय सीट के रूप में पहचान मिली। इसके बाद से कुछ ऐसा हुआ कि मुझ पर सभी की निगाहें टिक गईं। हो भी क्यों न, हमारी धरा से जीतने वाले सांसद ने प्रधानमंत्री तक का मुकाम जो हासिल किया। तमाम उतार चढ़ाव के बीच वर्ष 2010 में मुझे जिले का रूप दिया गया। इसके बाद विकास की योजनाएं बनीं, कुछ पर काम हुआ तो कुछ अभी फाइलों में ही लटकी हुई हैं। कुछ मुद्दे चुनाव में खूब उछले, लोगों की जुबां पर आए लेकिन, बाद में खामोश हो गए। मेरा सबसे बड़ा दर्द अनियोजित विकास से जुड़ा है।

**विकास:** रिंग रोड का निर्माण फाइलों में है। बाजार शुकुल के पाली गांव से गुजरने वाली गोमती नदी के घाट पर करीब पांच वर्ष पहले 1167.73 लाख रुपये से शुरू हुआ पुल का निर्माण भी अधूरा है। इस कारण यहां के लोगों को 15 किलोमीटर की दूरी तय कर अयोध्या जाना पड़ रहा है। पूरे बोधी, समदा, पूरे सूचित, बढ़इन का पुरवा, पूरे काबरियन व पूरे कुर्मी समेत 25 से अधिक गांवों के लोग परेशान हैं। यही नहीं, कलेक्ट्रेट तहसील में चल रही है। एसपी कार्यालय सहित कई अन्य सरकारी कार्यालय उधार के भवन में संचालित हैं।

**उद्योग:** 1980 के दशक में औद्योगिक घरानों ने अमेठी के ऊसर की तस्वीर बदलने के लिए कारखानों की स्थापना की। इनमें इंडोगल्फ, बीएचईएल, सम्राट साइकिल फैक्ट्री, ऊषा इलेक्ट्रीफायर, सीमेंट फैक्ट्री, सूर्या माल्टेक प्राइवेट लिमिटेड, वेस्पा स्कूटर सहित दो सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं। वर्ष 1991 के बाद से एक-एक करके ये बंद होती चली गईं। इनमें ऊषा, वेस्पा, सम्राट, मालविका स्टील की इमारतें खंडहर हो गईं।